डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



PG-5

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-8

सिनेमा:-79 साल की उम्र में अरुण बाली का निधन

वर्ष -08 अंक -185 | प्रयागराज, शनिवार, 08 अक्टूबर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन संकट पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने चेताया

**न्यूयॉर्क।** रूस और यूक्रेन संकट पर अमेरिका अपनी नजर बनाए हुए है। अमेरिका यूक्रेन को हर संभव मदद दे रहा है, तो वहीं रूस पर उसने कई तरह के प्रतिबंध लगा रखे हैं। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि 1962 के क्यूबा मिसाइल



संकट के बाद से परमाणु तबाही का खतरा अपने चरम पर है। बाइडन की यह चेतावनी ऐसे समय पर आई है, जब रूस लगातार यूक्रेन के खिलाफ परमाणु हथियार के इस्तेमाल की धमकी दे रहा है। साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने वाशिंगटन हाउस में प्रेस से बात करते हुए कहा कि पुतिन एक ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें मैं बेहद अच्छी तरह जानता हूं और जब वह परमाणु या रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल की बात करते हैं, तब वह मजाक नहीं कर रहे होते हैं। बाइडन ने कहा कि हमने कैनेडी और क्यूबा मिसाइल संकट के बाद से इस स्तर की परमाणु तबाही की संभावना का सामना नहीं किया है।

### खत्म हुआ इंतजार, स्पेस पहुंचने वाली अमेरिकी मूल की पहली महिला बनीं निकोल मान

**वाशिंगटन।** अमेरिका के लिए आखिरकार लंबा इंतजार खत्म हो गया है। अमेरिकी मूल की कोई महिला पहली बार अंतरिक्ष पहुंचने में सफल रही हैं। जी हां कर्नल निकोल औनापु मान अंतरिक्ष पहुंचने वाली अमेरिकी मूल की



पहली महिला बन गई हैं। हालांकि, अमेरिका की कई महिला नागरिक स्पेस की यात्रा कर चुकी हैं, लेकिन इनमें से कोई अमेरिका का मूल निवासी नहीं था।बता दें कि एलन मस्क की कंपनी ने बुधवार को क्रू-5 मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को फ्लोरिडा से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना किया था। इस यान में एक रूसी अंतरिक्ष यात्री, दो अमेरिकी और एक जापानी यात्री हैं। जिसमें निकौल मान भी हैं। ये मिशन 6 महीने तक चलेगा।

## भीड़ ने एतिहासिक मदरसा में जबरन घुसकर की पूजा और लगाए नारे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बंगलूरू।** कर्नाटक के बीदर में दशहरा उत्सव के दौरान भीड़ द्वारा एक ऐतिहासिक मदरसा में घुसकर पूजा करने का मामला सामने आया है। महमूद गवां नाम के मदरसा में नौ लोग अचानक से जबरदस्ती घुस गए जिसके बाद वहां एकाएक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिसके बाद बीदर पुलिस ने सभी नौ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि, नौ में से 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि इन लोगों पर मदरसा में जबरन घुसकर तोड़फोड़ करने और नारे लगाने का भी आरोप है। मामले को सबसे पहले आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने उठाया। उन्होंने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर डाला है। ट्विटर पर वीडियो डालते हुए उन्होंने भाजपा पर हमला भी बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ही ऐसा करने की इजाजत दे रही है। नौ लोगों द्वारा मदरसे में अचानक




घुसकर तोड़फोड़ करने और नारेबाजी करने का मामला जैसे ही प्रकाश में आया तो वहां के स्थानीय मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इसका कड़ा विरोध किया। पुलिस में शिकायत के बाद इन लोगों ने मदरसे के बाहर ही आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग उठाई और विरोध प्रदर्शन किया। एडिशनल एसपी महेश मेघनावर के अनुसार प्रदर्शनकारियों को समझा दिया गया है और स्थिति अब नियंत्रण में है।

## संयुक्त राष्ट्र में भारत ने परोक्ष तौर पर की चीन की मदद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में उइगर मुस्लिमों की स्थिति पर चीन को घेरने की अमेरिका व पश्चिमी देशों की कोशिशों को उस समय करारा झटका लगा, जब भारत व यूक्रेन समेत 11 देशों ने मतदान के समय




अनुपस्थित रहकर चीन की परोक्ष तौर पर मदद कर दी। 47 सदस्यीय परिषद में इस प्रस्ताव का गिरना अमेरिका व पूरी पश्चिमी लाबी के लिए बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है। परिषद के 16 वर्षों के इतिहास में यह सिर्फ दूसरा मौका है, जब अमेरिका द्वारा रखा गया प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ है। यह बदलते वैश्विक समीकरणों को भी बता रहा है। सबसे ज्यादा चर्चा भारत के रुख को लेकर है। चीन के साथ रिश्तों की मौजूदा स्थिति को देखते हुए अमेरिका को भारत से समर्थन की उम्मीद थी। भारत का कहना है कि वह यूएनएचआरसी जैसे संस्थानों में किसी देश के खिलाफ वोटिंग नहीं करने की अपनी नीति पर अडिग रहा है। हालांकि, माना यह जा रहा है कि भविष्य में जम्मू-कश्मीर पर वोटिंग की आशंका की काट के तहत भारत ने यह कदम उठाया है। भारत ने गुरुवार को चीन की परोक्ष मदद तब की है, जब नई दिल्ली स्थित चीनी दूतावास की तरफ से बताया गया है कि चीन गणराज्य के 73वें स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और पीएम नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति शी चिनफिंग और पीएम ली कछ्यांग को पत्र लिखा है। मई, 2020 से भारत के पूर्वी लद्दाख स्थित वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर दोनों देशों के बीच चल रहे सैन्य विवाद को सुलझाने और सैनिकों की वापसी को लेकर सहमति भी हाल ही में बनी है।

## दिवाली और छठ के अवसर पर भारतीय रेलवे का तोहफा, चलाई 179 स्पेशल ट्रेनें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने दिवाली और छठ पूजा के अवसर पर बढ़ी मांग को ध्यान में रखते



हुए कुछ स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है, ताकि लोगों को परेशानी न हो। रेल मंत्रालय ने बताया कि भारतीय रेलवे ने इस साल छठ पूजा के मौके पर 179 जोड़ी विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें 2269 फेरे लगाएंगी और इससे लाखों लोगों को अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचे की सुविधा मिलेगी। छठ और दीपावली के अवसर पर हर साल दूसरे शहरों में रहने वाले लाखों लोग अपने घर जाते हैं। ऐसे में ट्रेनों में काफी भीड़ देखने को मिलती है। काफी लोगों को कंफर्म टिकट नहीं मिल पाती है। लोगों को इन्ही समस्याओं को देखते हुए भारतीय रेलवे विशेष ट्रेनें चलाता है। छठ के अलावा भी भारतीय रेलवे समय-समय पर कई त्योहारों के अवसर पर विशेष ट्रेनें चलाने की व्यवस्था करता रहता है। छठ पूजा वैसे तो महापर्व है और यह देश में ही नहीं विदेशों में भी मनाया जाता है। लेकिन बिहार और इसकी सीमा से लगते राज्यों में छठ पूजा को लेकर लोगों की विशेष आस्था देखने को मिलती है। इसलिए आमतौर बिहार के लिए भारतीय रेलवे छठ के अवसर पर विशेष ट्रेनें चलाता है। इस बार चलाई जाने वाली 179 ट्रेनों की बात करें, तो इसमें दिल्ली-पटना, दिल्ली-भागलपुर, दिल्ली-मुजफ्फरपुर, दिल्ली-सहरसा आदि रेल मार्गों पर देश भर के प्रमुख स्थलों को जोड़ने के लिए विशेष ट्रेनों की योजना बनाई है। भारतीय रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनें 20 अक्टूबर से चलाई जाएंगी। ऐसे में दिवाली से लेकर छठ तक अपने घरों में मनाने के लिए इन ट्रेनों का टिकट बुक करा सकते हैं। इसे यात्रियों को कंफर्म टिकट के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। यही नहीं इन ट्रेनों के चलने से लखनऊ, बनारस, दरभंगा, सहरसा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर जाने वालों को भी काफी सहूलियत मिलेगी। वे यहां पर जाने के लिए इन ट्रेनों का चुनाव कर सकते हैं।

## देश में पिछले 24 घंटों के अंदर आए करीब 2 हजार कोरोना के नए मामले

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारत में पिछले 24 घंटों के अंदर कोरोना के करीब दो हजार मामले सामने आए हैं। देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की




संख्या 30,362 हो गई है। शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ये जानकारी दी। वहीं, पिछले 24 घंटों में राज्यों के कोरोना के नए मामलों की बात करें तो दिल्ली में यह संख्या 57 रही। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गुरुवार को 2.19 प्रतिशत की सकारात्मकता दर के साथ कोरोना वायरस के 57 नए मामले दर्ज किए गए। मध्य प्रदेश में गुरुवार को कोरोना के 11 मामले सामने आए। राज्य में कोरोना के कुल मामलों की संख्या 10 लाख 54 हजार 396 (10,54,396) तक पहुंच गई है। वहीं, छत्तीसगढ़ ने गुरुवार को 0.83 प्रतिशत की सकारात्मकता दर के साथ कोरोना के 36 दर्ज किए गए। राज्य में कोरोना की कुल संख्या 11 लाख 76 हजार 533 (11,76,533) हो गई है। राज्य में कोरोना के चलते अब तक 14,137 की मौत हो गई है।

## सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन कैदियों की पेशी वीसी के जरिए कराने को लेकर याचिका

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** देशभर की निचली अदालतों में सुरक्षा चिंताओं से संबंधित उस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 11 अक्टूबर को सुनवाई करेगा, जिसमें कहा गया है कि विचाराधीन कैदियों को सुनवाई की प्रत्येक तिथि पर नियमित रूप से



अदालत के समक्ष पेश करने का निर्देश नहीं दिया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई सूची के अनुसार, याचिका मंगलवार को प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। अधिवक्ता ऋषि मल्होत्रा द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि यदि निचली अदालत विचाराधीन कैदी की निजी तौर पर पेशी को उपयुक्त समझती है तो उसके लिए जेलों से वीडियो-कान्फ्रेंसिंग से पेशी के आदेश दिए जा सकते हैं, खासकर गैंगस्टर मामले में, ताकि सार्वजनिक सुरक्षा और न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा प्रभावित न हो और अभियुक्तों के अधिकार संतुलित रहें। याचिका में निचली अदालतों में कई घटनाओं का उल्लेख किया गया है, जिसमें दिल्ली की एक जिला अदालत में पिछले साल सितंबर की गोलीबारी की घटना भी शामिल है। इस घटना में जेल में बंद एक गैंगस्टर सहित तीन लोग मारे गए थे। याचिका में कहा गया है, 'इसके अलावा, भारत में सभी निचली अदालतों में ऐसे कई उदाहरण हैं जहां एक विचाराधीन कैदी को निचली अदालत में पेश करने के क्रम में या तो जन सुरक्षा जोखिम में डाल दी गई या उक्त विचाराधीन कैदी पुलिस हिरासत से फरार हो गया।' याचिका में सीआरपीसी के विभिन्न प्राविधानों का जिक्र करते हुए कहा गया है।

## केरल बस हादसे में 9 लोगों की मौत दुर्घटना की जांच के दिए गए निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**पलक्कड़।** केरल के पलक्कड़ जिले के वडक्कनचेरी इलाके में बुधवार देर रात सड़क हादसा हुआ था। केरल राज्य सड़क परिवहन निगम



की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस बस दुर्घटना में 9 की मौत हुई थी और 38 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस घटना की जानकारी समाचार एजेंसी एएनआइ ने राज्य मंत्री एमबी राजेश के हवाले से दी थी। राज्य के परिवहन मंत्री एंटनी राजू ने कहा कि, वडक्कनचेरी में 47 लोगों, 42 छात्रों और 5 शिक्षकों को ले जा रही एक पर्यटक बस दुर्घटनाग्रस्त हुई। बस 97.2 किमी प्रति घंटे की तेज रफ्तार से जा रही थी। मामले में जांच की जाएगी। केरल परिवहन मंत्री एंटनी राजू ने आगे कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा गया है कि टूरिस्ट बस ने कार को ओवरटेक करते समय केएसआरटीसी बस को पीछे से टक्कर मार दी हम विस्तृत जांच कर रहे हैं। मैंने सड़क परिवहन आयुक्त को विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है, जिस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बुधवार की रात यहां वडक्कनचेरी के पास मंगलम में स्कूली छात्रों को ले जा रही एक पर्यटक बस ने केएसआरटीसी की बस को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बस दलदल में गिर गई। इसमें नौ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। करीब 38 घायलों को इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कई की हालत नाजुक बनी हुई है। यह हादसा बुधवार रात करीब 11:30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 544 पर हुआ। टूरिस्ट बस एर्नाकुलम के बेसिलियोस विद्यानिकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों को लेकर ऊटी की ओर जा रही थी। की सुपरफास्ट बस कोट्टाराक्कारा से कोयंबटूर जा रही थी। दोनों के टक्कर के चलते यह हादसा हुआ। देर रात स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंच गए और बचाव कार्य चलाया गया। इस दौरान तेज बारिश हो रही थी। घायलों को पलक्कड़ जिला अस्पताल, अलाथुर तालुक अस्पताल और त्रिशूर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। त्रिशूर के निजी अस्पताल में हरिकृष्णन (22), अमेया (17 अन्नया (17), श्रद्धा (15) अनीजा (15), अमृता (15), तनुश्री (15) हिन जोसेफ (15), जानेमा (15) अरुण कुमार (38) ), ब्लेसन (18), और एल्सा (18) का इलाज चल रहा है।

## घरेलू रूफटाप सौर ऊर्जा क्षमता में हो रही तेज बढ़ोतरी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मुंबई।** इंस्टीट्यूट फार एनर्जी इकोनामिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आइईईएफए) की ताजा रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि वित्त वर्ष 2022-23 तक भारत की घरेलू रूफटाप (छत पर लगाए जानेवाले सोलर पैनल) क्षमता में 60 प्रतिशत तक वृद्धि हो जाएगी। घरेलू उपभोक्ताओं में बढ़ती जागरूकता एवं बचत की चाह नागरिकों को सौर ऊर्जा की तरफ तेजी से आकर्षित कर रही है। खासतौर से कोरोना के दौर से गुजरने के बाद इसमें क्रांतिकारी बदलाव देखा जा रहा है। यही कारण है कि घरेलू सौर ऊर्जा उत्पादन की गति में वृद्धि हो रही है।



रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि वित्त वर्ष 2021-22 में घरेलू रूफटाप सौर ऊर्जा की जो स्थापित क्षमता दो गीगावाट थी, वह वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 3.2 गीगावाट हो जाएगी। यह बढ़ोतरी करीब-करीब 60 प्रतिशत की होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि वर्ष दर वर्ष इसी गति से घरेलू सौर ऊर्जा स्थापन की क्षमता में वृद्धि होती रही, तो भारत बहुत जल्द सौर ऊर्जा से संबंधित अपने लक्ष्य हासिल कर लेगा।रिपोर्ट का यह भी कहना है कि इस बढ़त में केंद्र सरकार की संशोधित एवं सरलीकृत रूफटाप सोलर सब्सिडी योजना का बड़ा योगदान है। यह योजना सरकार जुलाई, 2022 में लाई थी।

## ओम बिरला पी-20 शिखर सम्मेलन में हुए शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत ने सदैव



नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का समर्थन किया है। इसी भावना से भारत ने वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए बहुपक्षवाद को अपनाने का आह्वान किया है। उन्होंने इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षों के 8वें शिखर सम्मेलन (पी 20) के दौरान अपने संबोधन में यह बात कही। इस दौरान बिरला ने कहा कि बदलते परिप्रेक्ष्य में प्रौद्योगिकी के माध्यम से लोकतांत्रिक संस्थाओं के साथ जनता का जुड़ाव और अधिक बढ़ा है। हमारा लक्ष्य है कि मौजूदा पीढ़ी को संसद से जोड़ा जाए। इसीलिए, युवाओं की संसद में सक्रिय भागीदारी के लिए संसद में विभिनन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 75 वर्षों के इस गौरवशाली यात्रा के दौरान हमारा लोकतंत्र और अधिक सशक्त और जीवंत हुआ है। हमारी संसद जनता के समावेशी, सामाजिक, आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करने का निरंतर प्रयास कर रही है। बिरला ने जकार्ता में फुटबाल मैच के दौरान हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि कोविड-19 से उत्पन्न अंतरराष्ट्रीय अस्थिरता के कारण विश्व के समक्ष खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा संकट खड़ा हो गया है। विकासशील देशों के लिए खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा संबंधी चिंताएं काफी बढ़ गई हैं। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ने सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भारतीय संसदीय दल का नेतृत्व किया।

## भाजपा नड्डा की अध्यक्षता में ही लड़ेगी 2024 का चुनाव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विश्वस्त जेपी नड्डा की अध्यक्षता में ही भाजपा अगला



यानी 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ेगी। नड्डा का वर्तमान कार्यकाल अगले वर्ष 20 जनवरी को खत्म हो रहा है। उससे पहले संसदीय बोर्ड उनका कार्यकाल बढ़ाने के फैसले पर मुहर लगा देगा। भाजपा में अध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल का होता है और यह लगातार दो बार हो सकता है। वर्तमान स्थिति में लगातार चुनाव होने वाले हैं। गुजरात और खुद नड्डा के गृह राज्य हिमाचल में नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। अगले साल मार्च-अप्रैल में कर्नाटक के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर में भी चुनाव हो सकते हैं। इस लिहाज से पार्टी नेतृत्व का यह मन बन चुका है कि फिलहाल अध्यक्ष का चुनाव टालकर नड्डा के कार्यकाल को लगभग डेढ़ साल का विस्तार दिया जाए ताकि पार्टी बिना भटकाव के लोकसभा चुनाव तक रणनीति को जमीन पर उतार सके।

# विवाहिता ने पति, ननद और नंदोई पर दर्ज़ कराया मुक़दमा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** कैंट थाना क्षेत्र के बेली गांव की रहने वाली निकहत जहां ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई तहरीर में निकहत ने कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि शादी के बाद से पति उत्पीड़न कर रहा था। लड़की का जन्म होने के बाद से उसे प्रताडित किया जाने लगा और मारा भी गया। निकहत का आरोप है कि पति ने चुपके से दूसरी शादी भी कर ली। निकहत का कहना है कि शिकायत करने पर उसे और उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी जा रही है।




# 12 अक्टूबर तक खाद्यान्न का किया जायेगा वितरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि माह अगस्त 2022 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को दिनांक 06.10.2022 से खाद्यान्न का वितरण ई-पॉस मशींन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जा रहा है। वितरण की अन्तिम तिथि दिनांक 12 अक्टूबर 2022 तक निर्धारित है। इस अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रतिकार्ड 14 किग्रा0 गेहूँ व 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल (गेहूँ रूपये 02 प्रति किग्रा0 तथा चावल रूपये 03 प्रति किग्रा0 की दर से) का वितरण किया जायेगा। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि अर्थात 12.10.2022 को खाद्यान्न प्राप्त कर सकेगें।उन्होंने बताया है कि राशनकार्ड धारकों को पोर्टबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी, तथा पोर्टबिलिटी चालान जारी करने की सुविधा दिनांक 08.10.2022 तथा 09.10.2022 को उपलब्ध रहेगी। वितरण के सम्बन्ध में कोई भी शिकायत उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, पूर्ति निरीक्षकों,क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी से सम्पर्क कर की जा सकती है।

# प्रयागराज के ऐतिहासिक दशहरा मेला में सम्मिलित हुए मंत्री नन्दी

## महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ मेला में किया भ्रमण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी बुधवार को प्रयागराज के ऐतिहासिक दशहरा मेला में सम्मिलित हुए। मंत्री नन्दी ने प्रयागराज की महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ मेले में भ्रमण किया। विद्युतीय सजावट के साथ शहर के विभिन्न स्थानों की साज-सज्जा का अवलोकन किया और राम भक्तों को इस पावन-पवित्र अवसर पर शुभकामनाएं दी। मंत्री नन्दी ने देर रात तक निकलने वाली विभिन्न चौकियों को देखा। आधुनिक विद्युतीय सजावट और मेले का आनंद लेने आई देवतुल्य जनता का अभिवादन किया इस अवसर पर स्थानीय लोगों से मुलाकात की व यहां की संस्कृति को सुदृढ़ बनाए रखने का संकल्प लिया। मंत्री नन्दी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के अथक परिश्रम और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में कोरोनो रूपी दानव को परास्त करने के बाद प्रयागराज का ऐतिहासिक दशहरा मेला आयोजित हुआ। दशहरा पर्व के शुभ अवसर पर हमारे प्रयागराज की अद्भुत व अलौकिक ।




# दशमोत्तर कक्षाओं के छात्र 07 नवम्बर तक करें आवेदन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि शैक्षिक सत्र वर्ष 2022-23 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत (कक्षा 11-12) एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं के छात्र 7 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं।सम्बन्धित पाठ्यक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने, सत्यापन, लॉक करने एवं छात्र/छात्राओं के छात्रवृत्ति आवेदन कराये जाने है।उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति हेतु छात्र/छात्रायें 07 नवम्बर तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होने बताया है कि दिनांक 10 अक्टूबर तक प्रदेश में स्थित मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिये आवेदन करने की कार्यवाही, शिक्षा विभाग/विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेनसी के माध्यम से किया जाना है।तदोपरान्त जिला समाज कल्याण अधिकारी से पासवर्ड प्राप्त करना (नवीन संस्थायें) तथा दिनांक 10 अक्टूबर तक प्रदेश से बाहर को नवीन शासकीय व शासकीय सहायता प्राप्त संस्थायें योजनाधिकारी (वाह्य प्रदेश छात्रवृत्ति) निदेशालय समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ से पासवर्ड प्राप्त करने हेतु आनलाइन एवं हार्डकापी स्पीड पोस्ट (निदेशक समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ, 3-प्राग नरायन रोड,कल्याण भवन लखनऊ -226001) से भेजकर पासवर्ड प्राप्त करें।

# श्रीराम ने चलाया तीर रावण का हुआ वध

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** शहर में मीरापुर स्थित बरगद घाट मैदान पर श्री पजावा रामलीला कमेटी की ओर से रावण दहन किया गया। भगवान श्री राम ने तीर चलाते ही रावण का वध कर दिया। श्री दारागंज रामलीला कमेटी की ओर से अलोपीबाग स्थित रामलीला मैदान में दशानन के पुतले का दहन किया गया। कमेटियों की ओर से रावण के पुतले को आतिशबाजी के माध्यम से जलाया गया। नैनी स्थित महर्षि योगी आश्रम में भी रावण का पुतला जलाया गया।



# सीएम योगी आदित्यनाथ पहुंचे प्रयागराज खेल महोत्सव के समापन समारोह में खिलाडियों को करेंगे सम्मानित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।**सीएम योगी आदित्यनाथ आज शुक्रवार शाम प्रयागराज पहुंच चुके हैं। शाम 5.18 बजे उनका विमान बमरौली एयरपोर्ट पर उतरा जहां से वह अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कांप्लेक्स म्योहाल के लिए रवाना हुए। करीब छह बजे वह म्योहाल में आयोजन स्थल पर पहुंच गए। उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी भी मंच पर हैं। म्योहाल के 50 वर्ष पूरे होने पर एक से आठ अक्टूबर तक आयोजित स्वर्ण जयंती खेल महोत्सव का 30 अक्टूबर को केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुभारंभ किया था। इसी महोत्सव के समापन समारोह में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज पहुंचे हैं। यूपी के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव और न्यायमूर्ति विक्रमनाथ भी समारोह में पहुंचे हैं। खेल महोत्सव में सैकड़ों खिलाड़ी इसका हिस्सा बने और आठ दिनों तक संगम नगरी में विभिन्न खेल के खिलाडियों का जमघट बना रहा। सीएम योगी के आगमन से पहले शुक्रवार सुबह से डीएम और एसएसपी समेत अन्य अधिकारी म्योहाल में तैयारी का जायजा लेते रहे। महोत्सव का शुभारंभ वैसे तो 30 सितंबर को ही हो गया था लेकिन, मैच दो अक्टूबर से अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कांप्लेक्स म्योहाल में शुरू हुए। आठ दिनों में 675 खिलाडियों ने छह अलग अलग खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। खिलाडियों द्वारा सीएम के स्वागत की तैयारी भी अलग से की जा रही है। म्योहाल कांप्लेक्स की पुरानी बिल्डिंग व परिसर का रंग रोगन कर आकर्षक रूप दिया गया है। तोरण द्वार से ही भगवा व पीले वस्त्रों से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के लिए गैलरी बनाई गई है। छात्रावास के सामने मंच सजाया गया है। गुलाटी मार्ग के डिवाइडर पर भी काले पीले पेंट से सड़क को चमकाया गया है। छह खेलों में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाडियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंच से सम्मानित करेंगे। प्रथम चरण में अलग अलग वर्गों के 20 खिलाडियों का चयन किया गया है। शुक्रवार को सुबह 9 बजे ही सभी खिलाडियों को कांप्लेक्स में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है। सीएम इस दौरान कांप्लेक्स से जुड़े वरिष्ठ खिलाडियों से भी मिलेंगे।



# मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदल पैसा उड़ाने वाले गिरोह का पर्दाफ़ाश, आई.सी.आई.सी.आई बैंक के एटीएम बूथ से 4 गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** बिना सिक्योरिटी गार्ड वाले एटीएम बूथों में लोगों की मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदल कर उनके खाते से पैसा उड़ाने वाले गिरोह के चार सदस्यों को शुक्रवार एसटीएफ़ ने गिरफ़्तार किया। साथ ही उनके कब्जे से 38 एटीएम कार्ड, फर्जी आधार कार्ड, आधार कार्ड और ठगी के 16 हज़ार रूपये भी बरामद हुए हैं। एसटीएफ़ ने चारों बदमाशों को शंकरगढ़ के रामभवन चौराहे पर स्थित आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम बूथ से पकड़ा। यह गिरोह उन एटीएम बूथ को निशाना बनाता जहां एटीएम की सुरक्षा के लिए सिक्योरिटी गार्ड नहीं रहते और लोग भी एक-एक कर पैसा नही निकालते। फिर वहाँ किसी कम पढ़े लिखे से दिखने वाले खाताधारक के मदद के बहाने उसका कार्ड लेकर पैसा निकालते समय कार्ड बदल देते। आरोपी उसके पीछे खड़े होकर पिन नंबर भी देख लेते । जिस शहर के एटीएम का क्लोन तैयार होता था, वहां से रकम न निकालकर दूसरे राज्य या शहर के एटीएम से रकम निकाली जाती थी, ताकि पुलिस यह संदेह न कर पाए कि गिरोह के सदस्य उस शहर में भी घूम रहे हैं।बदमाशों की पहचान ऋषिकेश पाल, सिद्धार्थ कुमार, राहुल पाल और संजय कुमार पाल के रूप में हुई है। सारे आरोपी लीलापुर, प्रतापगढ़ के रहने वाले हैं। एसटीएफ़ अधिकारियों ने गैंग का खुलासा करते हुए बताया कि आए दिन लोगों के एटीएम कार्ड से रुपये निकलने की शिकायतें मिल रही थीं। गिरोह की धरपकड़ के लिए एक टीम को लगाया गया था।पकड़े गए बदमाश कम पढ़े-लिखे व बुजुर्ग लोगों को देखकर एटीएम में पहुंच जाते थे। गिरोह प्रदेश के कई जिलों में भी लोगों का मेहनत से कमाया पैसा कुछ घंटों में बैंक खातों से उड़ा चुके थे।




# अवैध निर्माण पर पीडीए ने कराया मुक़दमा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** पीडीए के अवर अभियंता महेश चंद्र ने अवैध निर्माण करने पर धूमनगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को बताया कि मिर्जापुर निवासी विद्याधर पाठक के खिलाफ सूचना मिली थी कि नेहरू पार्क के पास अवैध निर्माण करा रहे हैं।इस पर पीडीए ने कार्रवाई की और काम रुकवा दिया था। अवैध निर्माण को पीडीए ने ध्वस्त करा दिया। इसी मामले में पुलिस ने अवैध निर्माण करने का मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी विद्याधर के बारे में कार्रवाई के लिए पीडीए ने मोबाइल नंबर भी पुलिस को मुहैया कराया है।




# प्रयागराज में बोले डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक -पूरी तरह डिरेल्ड हो चुकी है कांग्रेस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कटाक्ष किया है। कहा कि कांग्रेस पूरी तरह डिरेल्ड हो चुकी है। यह वह कांग्रेस नहीं है जिसे महात्मा गांधी ने बनाया था। सोनिया, राहुल और प्रियंका पर आरोप लगाते हुए कहा कि गांधी सरनेम का जिस तरह से प्रयोग किया है पूरा देश जानता है। आजादी के बाद कई दशक कांग्रेस सत्ता में रही, लेकिन कांग्रेस ने गरीबों के जीवन में बदलाव के लिए कुछ नहीं किया। प्रयागराज दौरे पर आए डिप्टी सीएम ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत के तहत काम कर रहे हैं। भाजपा दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत पर काम कर रही है। आज लोगों को पक्का मकान, शौचालय और हर घर नल से जल मिल रहा है। इसलिए देश की जनता भाजपा के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में वापसी के लिए चाहे जितनी कोशिश कर ले, लेकिन देश की जनता कांग्रेस को माफ नहीं करेगी। मोहन भागवत के बयान का समर्थन डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जनसंख्या कानून को लेकर मोहन भागवत के बयान का समर्थन किया है। कहा कि जनसंख्या कानून को लेकर सरकार के समक्ष कोई पत्रावली विचाराधीन नहीं है। लेकिन बढ़ती हुई जनसंख्या को देश के लिए बड़ी चुनौती बताया है। कहा कि देश के पास संसाधन सीमित हैं। उपलब्ध संसाधन देश के सभी नागरिकों को मिले, सरकार इसके लिए निरंतर काम कर रही है।जनसंख्या नियंत्रण पर जैसे ही शीर्ष नेतृत्व कोई फैसला लेगा अवगत कराया जाएगा। कहा कि जनसंख्या को कम करने के लिए कोई न कोई रास्ता निकालना ही पड़ेगा। जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर मुस्लिम धर्मगुरुओं के विरोध पर कहा कि जो हिंदुस्तान और भारत माता से प्रेम करेगा वह कभी विरोध नहीं करेगा। यूपी सरकार माघ मेला और महाकुंभ मेले के आयोजन को लेकर प्रतिबद्ध है। कहा हमारे जो पारंपरिक त्यौहार और सांस्कृतिक धरोहर हैं, सरकार उनको और बेहतर करेगी।






# बलिया में 25 आशा कार्यकर्ताओं की नियुक्ति में धांधली, नहीं मिले दस्तावेज तीसरी बार रिमाइंडर भेजने की तैयारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।** जांच में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग नहीं करने की वजह से दस्तावेजों के प्राप्त करने को



लेकर तीसरी बार आशा कार्यकर्ताओं की नियुक्ति को लेकर रिमाइंडर भेजने की तैयारी चल रही है। पहले जांच में चार कार्यकर्ताओं की नियुक्ति फर्जी पाई गई थी। इसके बाद उनको बाहर कर दिया गया था। स्वास्थ्य विभाग के असहयोग के कारण शहरी क्षेत्र में 25 आशा कार्यकर्ताओं की नियुक्ति में गड़बड़ी के आरोपों की जांच में देरी हो रही है। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर सीमा पांडेय मामले की जांच कर रहीं हैं। वह मुख्य चिकित्साधिकारी डा.जयंत कुमार को कार्यकर्ताओं की नियुक्ति के दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए दो बार पत्र जारी कर चुकी हैं लेकिन दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जा सके।27 सितंबर को जारी पत्र में डिप्टी कलेक्टर ने 28 को उपस्थित होने के लिए कहा था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने रिमाइंडर भेजकर तीन अक्टूबर को कलेक्ट्रेट में दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने को कहा। इसके बाद भी जवाब नहीं मिला। अब तीसरी बार पत्र जारी करने की तैरूारी है। मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ की शिकायत पर डीएम ने 12 सितंबर को मामले की गहनता से जांच का आदेश दिया। इससे पहले शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत नियुक्त आशा कार्यकर्ताओं में चार की नियुक्ति में गड़बड़ी मिली थी। उन्हें सेवा से बाहर कर दिया गया। मातृ शिशु महिला कल्याण संघ की जिलाध्यक्ष सत्या सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र लिख कर नियुक्ति में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को शहरी आशा कार्यकर्ता बना दिया गया। इनमें अधिकांश चयन के मापदंड को पूरा ही नहीं करती हैं।बोले अधिकारी शहरी आशा कार्यकर्ताओं की नियुक्ति में गड़बड़ी की शिकायत की जांच चल रही है। स्वास्थ्य विभाग से दो बार दस्तावेज मांगे गए। जवाब नहीं मिलने पर फिर से पत्र जारी किया जाएगा।

# डीएम के निरीक्षण में खामियां उजागर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**आजमगढ़।** डीएम विशाल भारद्वाज गुरुवार को मंडलीय जिला चिकित्सालय में औचक धमक पड़े। बाथरूम, शौयालय, वार्ड में निरीक्षण करते आगे बढ़े तो चाक-चौबंद



व्यवस्था के दावों की एक-एक कर पोल खुलती गई। एक्स-रे मशीन एवं सीटी स्कैन मशीन को अक्रियाशील देख जिलाधिकारी नाराज हो उठे। उन्हें जब यह पता चला कि दोनों मशीने महीनों से खराब पड़ी हैं, तो गंभीर हो उठे। एसआइसी एवं सीएमओ को व्यवस्था यथाशीघ्र दुरुस्त करने एवं मरीजों की जरूरतों का ख्याल रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी दिन में साढ़े 11 बजे जिला अस्पताल पहुंचे थे। उस समय ओपीडी में लोगों की भीड़ उमड़ी थी। रस्म अदायगी से दूर वह सीधा आर्थो वार्ड, आइसीयू वार्ड, टीबी वार्ड, टेलीमेडिसीन वार्ड, मेन सर्जिकल वार्ड, डेंगू वार्ड, आयुष्मान कार्ड वार्ड, पुरुष सर्जिकल वार्ड का निरीक्षण किया। चिकित्सकों को निर्देश दिए कि यदि बहुत आवश्यक हो तभी राउंड पर जाएं अन्यथा ओपीडी में बैठकर मरीजों को देखें। शौचालय में गंदगी देख नाराजगी व्यक्त की। पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई और सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया। ट्रामा सेंटर में पहुंचे तो मरीजों से रूबरू होते हुए उनसे व्यवस्थाओं की जानकारी ली। दवा वितरण केंद्र के निरीक्षण में निर्देश दिए कि मरीजों को दवाएं अस्पताल से ही देना सुनिश्चित करें। सीएमओ डा. इंद्रनारायण तिवारी, एसआइसी डा. अनूप श्रीवास्तव सहित अन्य चिकित्सक व स्वास्थकर्मी थे।

# करवाचौथ पर मात्र 25 हजार में खरीद सकेंगे हीरे का मंगलसूत्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गोरखपुर।** नवरात्र में आफर की भरमार के साथ चमके सराफा बाजार ने अब धनतेरस की तैयारी शुरू कर दी है। आकर्षक आफर



के सजे सराफा बाजार में इन दिनों ग्राहकों की खूब भीड़ हो रही है। सोने-चांदी के भाव कम होने से लोग आभूषणों की खरीदारी करने के साथ-साथ एडवांस बुकिंग करा रहे हैं। कारोबारियों का कहना है इस साल बिक्री अच्छी होने की उम्मीद है। वहीं करवाचौथ में ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स महिलाओं के लिए सस्ते दाम पर मंगलसूत्र लांच कर रहा है। शहर के गोलघर, घंटाघर, अली नगर, हिंदी बाजार, रुस्तमपुर व असुरन के सराफा दुकानदारों की मानें तो इस बार पूरे धनतेरस व दीपावली में कम से कम पांच सौ करोड़ से अधिक का कारोबार की संभावना है। इसके लिए सराफा कारोबारियों ने ग्राहकों के लिए आफर के साथ नई डिजाइन के कई आभूषण बाजार में उतारे हैं। ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के निदेशक अनूप सराफ ने बताया कि ग्राहकों को उनके मन मुताबिक आभूषण उपलब्ध कराने के लिए इस बार हम नए डिजाइन के ज्वेलरी लेकर आएं हैं। जड़ाऊ के साथ-साथ डायमंड में भी एक से बढ़कर एक आभूषण ग्राहकों के लिए है। गोल्ड ज्वेलरी की बनवाई पर 20 प्रतिशत तक की छूट दे रहे हैं। यही स्कीम डायमंड पर भी है। इस बार हम डायमंड में मिरेकल कलेक्शन के आभूषण ग्राहकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। कम बजट में डायमंड का आभूषण आसानी ग्राहकों की पहुंच में है। जिस प्रकार सोने के आभूषण की वापसी सौ प्रतिशत होती है उसी प्रकार हीरे के आभूषण की भी सौ प्रतिशत वापसी है।

# भदोही के दुर्गा पूजा पंडाल में लगी आग के कारण मृतकों की संख्या हुई सात 70 लोगों का अस्पतालों में चल रहा इलाज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**भदोही।** औराई के नरथुआ गांव में रविवार की रात दुर्गा पूजा पंडाल आग हादसे में गुरुवार को देर शाम 65 वर्षीय रामसूरत की मौत हो गई। मरने वालों की संख्या अब सात हो गई हे। अभी भी 70



लोगों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। लगातार हो रही मौत के बाद अधिकारी सहम से गए हैं। औराई के नरथुआ गांव में बगैर अनुमति लगाए गए पंडाल में झुलसे लोगों की मौत का का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। पंडाल में झुलसे अंकुश सोनी, पूर्व प्रधान जयादेवी और उसके नाती नवीन, सूजम के अलावा आरती चौबे, मुख्य यजमान शिवपूजन की मौत पूर्व में हुई थी।सहसेपुर निवासी रामसूरत का इलाज सर सुंदरलाल अस्पताल वाराणसी में चल रहा था। वह 65 प्रतिशत से अधिक झुलसे थे।दो दिन से उनकी हालत बहुत ही खराब हो गई थी। भोजन- पानी बंद हो गया था चिकित्सक डिप देकर किसी तरह से इलाज कर रहे थे लेकिन गुरुवार को देर शाम उनकी मौत हो गई। जानकारी होते ही परिवार पर गम का पहाड़ टूट गया। ग्रामीणों के मुताबिक वह धार्मिक आयोजनों में ढोलक बजाते थे। रविवार को वह मातारानी का दर्शन करने करने के लिए पंडाल में गए थे। इसके अलावा भी अभी 70 लोगों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। मौत के बाद जिला प्रशासन ने चिकित्सकों और अस्पतालों में लगाए गए अधिकारियों को निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने दवा और इलाज के लिए पूरी ताकत झोंक दी।मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र, डीएम गौरांग राठी और एसपी डा. अनिल कुमार ने गुरुवार को सूर्या ट्रामा पहुंचकर भर्ती लोगों का हाल जाना। चिकित्सकों को बेहतर इलाज के लिए निर्देशित किया। साथ ही हर किसी से आर्थिक सहयोग की अपील की। डीएम ने सभी सातों अस्पताल में मजिस्ट्रेट की तैनाती की है। प्राइवेट अस्पतालों को दिया 10 लाख जिलाधिकारी गौरांग राठी ने प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती लोगों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो इसलिए 10 लाख रुपये पहली किस्त जारी की है। इसके साथ ही इस विपत्ति की घड़ी में लोगों से आर्थिक सहयोग देने की अपील की गई। डीएम की अपील पर स्वयं डीएम, सीएमओ, एसपी व अन्य अधिकारियों ने अपना एक सप्ताह का वेतन सहायता राशि देने की घोषणा की है

# बलिया पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद छपरा रवाना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य भूपेंद्र सिंह चौधरी गुरुवार की रात राजधानी एक्सप्रेस से बलिया पहुंचे। शुक्रवार की सुबह वह पड़ोसी राज्य बिहार में छपरा के सिताबदियारा में गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम स्थल का जायज



लेने निकल गए। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष दोपहर में एक बजे बयासी में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में शामिल होंगे। यहां जीयर स्वामी महाराज द्वारा चातुर्मास चल रहा है। इसमें कई बड़ी हस्तियां शामिल हो चुकी हैं। बुधवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी भ यहां पहुंचकर दर्शन-पूजन किए थे। प्रदेश अध्यक्ष दोपहर दो बजे निरीक्षण भवन बलिया पहुंचेंगे। उसके बाद जिला भाजपा कार्यालय जाएंगे। यहां जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। रात्रि में बलिया स्टेशन से ट्रेन द्वारा लखनऊ प्रस्थान करेंगे।गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी की जिला ईकाई पूरी ताकत झोंक रही है। लगातार कार्यकर्ताओं की बैठक हो रही है। सभा में बलिया से हजारों कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए मंथन किया जा रहा है। जेपी जयंती के अवसर गृहमंत्री जेपी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण, म्यूजियम, तिरंगा प्रशिक्षण केंद्र व लोकतांत्रिक संस्थाओं पर शोधार्थियों के शोध हेतु रिसर्च सेंटर का शिलान्यास किया जाएगा। बताते चलें कि बिहार के छपरा में सिताब दियारा में गृह मंत्री अमित शाह का दौरा प्रस्तावित है। ऐसे में बिहार में पार्टी की तैयारियों को परखने के क्रम में वह बलिया जिले में पहुंचे थे। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य भूपेंद्र सिंह चौधरी गुरुवार की रात बलिया पहुंचे तो शुक्रवार की सुबह वह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में शामिल होने के बाद सिताबदियारा में गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम स्थल का जायज लेने निकल गए। दोपहर दो बजे निरीक्षण भवन बलिया में पहुंचेंगे। उसके बाद जिला भाजपा कार्यालय जाएंगे। यहां जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रात्रि में बलिया स्टेशन से ट्रेन द्वारा प्रस्थान करेंगे।

# माफिया अखंड गैंग के तीन सदस्यों समेत छह की खोली गई हिस्ट्रीशीट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने जमुआं, तरवां निवासी प्रदेश स्तर पर चिह्नित माफिया अखंड प्रताप सिंह गैंग के




तीन सदस्यों समेत छह लोगों के आपराधिक क्रिया कलापों पर सतत निगरानी के लिए उनकी हिस्ट्रीशीट खोली है। इसके बाद अब उनपर निगरानी की जाएगी। अमित सिंह निवासी टोडरपुर, मेंहनगर के विरुद्ध दो मुकदमें पंजीकृत हैं तथा लोगों से मारपीट एवं लूट जैसे अपराध किया है। उसके आपराधिक कृत्यों से आम जनता काफी भयभीत रहती है। इसी गांव के सुनील सिंह के विरूद्ध दो मुकदमे पंजीकृत हैं तथा लोगों से मारपीट एवं लूट जैसे अपराध के कारण जनता काफी भयभीत रहती है।चंदन सिंह के विरुद्ध तीन मुकदमे पंजीकृत हैं। वह भी लोगों से मारपीट एवं लूट जैसे जघन्य अपराध कारित किया है। पुलिस का कहना है कि तीनों के आपराधिक कृत्यों से आम जनता काफी भयभीत रहती है इसलिए स्वतंत्र रहना जनहित में ठीक नही है। इसी क्रम में इंद्रश यादव निवासी भीखपुर, फूलपुर के विरुद्ध 14 मुकदमे पंजीकृत हैं। इंद्रेश यादव पर पूर्व में गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। वह चोरी, लूट व हत्या के प्रयास जैसे कई जघन्य अपराध कर चुका है। उसके कृत्यों से आम जनता काफी भयभीत रहती है इसलिए उसका स्वतंत्र रहना जनहित में ठीक नहीं है।सुमित उपाध्याय निवासी जोधी का पुरा, कोतवाली के विरुद्ध चार मुकदमे पंजीकृत हैं। वह लूट, छिनैती, चोरी जैसे कई अपराध कर चुका है। 23 अगस्त को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हीरापट्टी में सुबह टहलने जा रही एक महिला के गले से सोने के चेन की छिनैती, 29 अगस्त को पुलिस पार्टी पर फायर भी किया था। उसके आपराधिक कृत्यों से आम जनता काफी भयभीत रहती है। परवेज निवासी बड़सरा खालसा, कप्तानगंज के विरुद्ध कप्तानगंज थाने में हत्या का मुकदमा पंजीकृत है। उससे आम जनता काफी भयभीत रहती है। ऐसे में इसका भी स्वतंत्र रहना जनहित में ठीक नहीं है।

# एसडीएम के औचक निरीक्षण में गायब मिले चिकित्सक व कर्मी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चंदौली।** उपजिलाधिकारी मनोज पाठक ने गुरुवार को सुबह सवा दस बजे सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान तीन महिला चिकित्सक सहित आधा दर्जन संविदा कर्मी नदारत रहे। एसडीएम औचक निरीक्षण से पाठक ने बताया कि औचक निरीक्षण में सीएचसी पर चिकित्सकों सहित कई संविदा कर्मी नदारत रहे। जिसकी रिपोर्ट की जाएगी। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डा. संजय यादव, डा. बीके प्रसाद, डा. एलबी शर्मा, डा. मीना सिंह, डा. राजेश, शेषनाथ, के अधिवक्ताओं से वार्ता किया, लेकिन अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के हटने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही। इस दौरान अधिवक्ताओं ने एडीएम व एसडीएम के सामने विरोध जताया। इसके पूर्व तहसील गेट पर नारेबाजी किया। अधिवक्ताओं के आंदोलन



कर्मियों में खलबली मची है। शासन की ओर से अधिकारियों को समय से कार्यालय पहुंचने का निर्देश है। इस क्रम में एसडीएम मनोज पाठक सुबह सवा दस बजे ही सीएचसी पहुंच गए और उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया। इस दौरान आधा दर्जन संविदा चिकित्सा कर्मियों के साथ तीन महिला चिकित्सक अनुपस्थित रहीं। कुछ चिकित्सक और चिकित्सा कर्मियों ने एसडीएम के पहुंचने के बाद पहुंची और पंजिका में हाजिरी लगाई। एसडीएम मनोज क्षितिज सिंह, श्यामबिहारी सहित अन्य मौजूद रहे। एडीएम व एसडीएम के सामने तहसीलदार को हटाने की मांग तीन साल से तहसील में जमी तहसीलदार डा. वंदना मिश्रा के खिलाफ अधिवक्ताओं का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। तहसीलदार को हटाने की मांग को लेकर अधिवक्ता अडिग है। गुरुवार को जिलाधिकारी ईशा दुहन के निर्देश पर प्रतिनिधि के रूप में अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र मिश्रा ने तहसील सभागार में संयुक्त बार से पिछले चौदह दिनों से तहसील में न्यायिक कार्य प्रभावित है। अधिवक्ताओं ने कमिशनर से मिलकर समस्या से अवगत कराने की बात कही है। इस मौके पर नितिन तिवारी, पंकज सिंह, रामराज यादव, शैलेंद्र पांडेय, सच्चिदानंद सिंह, शिव गोविंद सिंह, जयप्रकाश ओझा, अंकित तिवारी, अंगद मौर्या, सुरेंद्रकांत, विनोद, दुर्गेश सिंह, रमाकांत पांडेय, सुभाष सिंह उपस्थित रहे।


सीधे प्रवेश
100% Placement
15% Fee Concession
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)
❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
➢ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
➢ फायर सेफ्टी — सीसीए
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➢ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
➢ सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
➢ इलेक्ट्रिक मैकेनिक — कम्प्युटर हार्डवेयर



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(सोनभद्र) डाला।** चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेलगुड़वा मे आज बुधवार बाइक सवार दो युवक सड़क पर घायल अवस्था में मिले जिनका नाम विनोद शर्मा पुत्र सत्यनारायण उम्र



रात्रि लगभग 10:30 वाराणसी शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर स्थित हाईवे ब्रेक प्वाइंट ढाबा के पास बाइक सवार दो युवक घायल अवस्था में मिले । प्राप्त जानकारी के अनुसार चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेलगुड़वा के वाराणसी शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर स्थित हाईवे ब्रेक प्वाइंट ढाबा के पास 25 वर्ष निवासी सेक्टर 10 थाना ओबरा व मोनू राम पुत्र राजकुमार उम्र 28 वर्ष है । सूचना पाकर चौकी प्रभारी डाला सुरेश चंद्र द्विवेदी मय फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस द्वारा चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए भेजवाया गया।

# बुराई का प्रतीक रावण के पुतले को राम की तीर छोड़ने के साथ ही धूं-धूं कर जलाया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(सोनभद्र) डाला।** स्थानीय को प्रेरित किया गया। शहर व गांव दोनों ही स्थानों पर



रामलीला मैदान में असत्य पर सत्य की विजय के साथ बुराई का प्रतीक रावण बुधवार को शाम लगभग साढ़े छः बजे भगवान राम की तीर छोड़ने के साथ ही धूं-धूं कर जल गया। मेघनाद और कुंभकर्ण के भी पुतले जले। मन की बुराइयों को भी रावण की तरह जलाकर दूर करने के लिए लोगों विजयदशमी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। वहीं क्षेत्र के कई हिस्सों में भी इस बार छोटे-छोटे रावण के पुतलों का दहन होगा। डाला नगर सहित कई जगह मेले सा माहौल बना रहा। व सुरक्षा में डाला चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र द्विवेदी ने अपने दल बल के साथ मौजूद रहे।

# डाला नगर में दुर्गा पूजा सेवा समिति के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(सोनभद्र) डाला।** स्थानीय डाला नगर में दुर्गा पूजा सेवा समिति के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसके उपरांत समयानुसार देर शाम में मां दुर्गा देवी का मुरती को डाला नगर में भ्रमण करवाते हुए विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न किया गया गुरूवार को विशाल भंडारे के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।भंडारे में सुबे के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड़ ने भी प्रसाद वितरण किया। दुर्गा पूजा सेवा समिति द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया सुबह ग्यारह बजे पंडित मनोज शुक्ला ने समिति के अध्यक्ष



जोगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू पटेल से गगनभेदी मंत्रोच्चार के साथ मातारानी को पूड़ी, सब्जी, बूंदी,का भोग लगाने के बाद भंडारा प्रारंभ किया गया जो चार बजे समाप्त हुआ। नवरात्र भर मैया का गुणगान करने के पश्चात् मां से मंगल कामना कर बाजे-गाजे के साथ वाहन सजाकर विसर्जन यात्रा निकाली गई। देवी गीतों की धुन पर श्रद्धालु मदमस्त होकर झूमते-नाचते एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर विसर्जन यात्रा में चल रहे थे। देवी मां की भक्ति में लीन हो भक्त मां के रंग में रंगे हुए थे।विसर्जन यात्रा में महिलाओं की तादात पुरुषों की अपेक्षा काफी अधिक दिख रही थी। भक्ति का खुमार ऐसा था कि महिलाएं नंगे पांव मैया के जयकारे लगाते और नाचते-गाते आगे बढ़ रही थी।शांयकाल परासपानी स्थित तालाब में मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जित किया गया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था में डाला चौकी प्रभारी सुरेश चन्द्र द्विवेदी पुलिस फोर्स के साथ डटे रहे इस दौरान डॉ आर के सिंह, सुधीर सिंह, रामबली मिश्रा,मुनन मिस्त्री, दिनेश जैन, राकेश जयसवाल, श्रीनिवास यादव, अवनीश पांडे, अंशु पटेल, विकास जैन, राजू शुक्ला, त्रिभुवन पांडे, सोनू पांडे, गोविन्द भारद्वाज अवनीश पदाधिकारियों ने हर्षोल्लास पूर्वक भक्ति भाव से मां की सेवा कर आशिर्वाद लिया।

# थाना जमालपुर ग्राम जयपट्टी कलां में एक व्यक्ति की हत्या तथा साक्ष्य मिटाने के नियत से शव को शौचालय के सीवर में छिपाने के अभियोग से सम्बन्धित 03 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** थाना जमालपुर, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 04.10.2022 को वादी विरेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 संतोष कुमार निवासी जयपट्टी कलां थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर द्वारा लिखित तहरीर बावत अपने पिता की हत्या कर शव को शौचालय के सीवर में छिपाने के सम्बन्ध में नामजद अभियुक्त के विरूद्ध दी गयी । उक्त तहरीर के आधार पर थाना जमालपुर पर मु0अ0सं0-98/2022 धारा 302/201/120 भादवि 3(2) बनाम रविन्द्र प्रसाद पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा उक्त हत्या की घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में टीम गठित कर निर्देश दिये गये थे । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना जमालपुर पुलिस बल द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित नामजद अभियुक्त रविन्द्र प्रसाद पुत्र राम लाल गौड़ निवासी जयपट्टी कलां थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में उपचार कराया गया । आज दिनांक 06.10.2022 को थाना जमालपुर पर पंजीकृत उपरोक्त




अभियोग की विवेचना व साक्ष्य संकलन की कार्यवाही के क्रम में प्रकाश में आये अभियुक्त गौतम गौड़ पुत्र रविन्द्र गौड़ व अभियुक्ता सुमन कुमारी पुत्री स्व0 संतोष कुमार को थाना जमालपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त रविन्द्र प्रसाद द्वारा घटना को कारित करना स्वीकार करते हुए बताया गया कि मृतक संतोष की पुत्री से फोन पर उसकी बात होती थी, संतोष(मृतक) अपनी पुत्री सुमन की शादी कही और करना चाहता था । सुमन के प्रेरित करने पर रविन्दर द्वारा संतोष की हत्या कर शव को अपने पुत्र गौतम के मदद से शौचालय के सीवर में छुपा दिया था । अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड(गैती) बरामद किया गया । **नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता –** 1.रविन्द्र प्रसाद पुत्र राम लाल गौड़ निवासी जयपट्टी कलां थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर उम्र करीब 40 वर्ष । 2.गौतम गौड़ पुत्र रविन्द्र प्रसाद निवासी जयपट्टी कलां थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर उम्र करीब 19 वर्ष । 3.कु0सुमन पुत्र स्व0संतोष कुमार निवासिनी जयपट्टी कलां थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर उम्र करीब 20 वर्ष । **विवरण बरामदगी–** घटना में प्रयुक्त लोहे का रॉड(गैती) **गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम–** क्षेत्राधिकारी चुनार-रामानन्द राय । प्रभारी निरीक्षक जमालपुर मनोज कुमार मय टीम । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा पुलिस टीम को 10 हजार के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया ।

# विन्ध्याचल क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जासा बघौरा नहर के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मीला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** थाना विन्ध्याचल क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जासा बघौरा नहर के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति उम्र करीब-25 वर्ष का शव होने की सूचना पर पुलिस उच्चाधिकारीगण द्वारा फील्ड यूनिट, डॉग स्क्वाड के साथ मौके पर पहुंचा गया तथा मृतक के शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराया गया तो मृतक की पहचान अमितेश कुमार सिंह पुत्र राकेश सिंह निवासी अकोढ़ी थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर के रूप में हुई । थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा नियमानुसार अग्रेतर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।



# संतनगर पटेहरा में उर्वरक बिक्री केंद्र का भव्य शुभारंभ किया


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** जिला सहकारी संघ लिमिटेड मीरजापुर द्वारा संचालित राहकला संतनगर पटेहरा में उर्वरक ध्यान में रखकर यहाँ उर्वरक बिक्री केंद्र का शुभारम्भ हो रहा है। उक्त अवसरपर प्रतिष्ठान के मालिक राहुल अग्रहरी,गणेश अग्रहरी सहित



बिक्री केंद्र का भव्य शुभारंभ किया।उपस्थित पास पड़ोस के किसानों को संबोधित करतेहुए कहा कि केंद्र में मोदीजी और प्रदेश में योगी जी की सरकार गाँव- गरीब और किसान,झुग्गी - झोपड़ी के इंसान के लिए समर्पित है इसिलिये आज किसानों की कठिनाई को लवलेश अग्रहरी, विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष रामचन्द्र शुक्ला, ग्राम प्रधान प्रकाश गिरी,पटेहरा ब्लाक प्रमुख के पति प्रकाश कोल,पूर्व प्रधान फूलचन्द यादव, श्री कृष्ण सिंह पटेल,पवन दूबे, मुनन अग्रहरी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

# थाना कछवां पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कछवां पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया । आज दिनांक 06.10.2022 को उ0नि0 अमरनाथ यादव मय पुलिस बल द्वारा वारंटी प्रदीप दूबे पुत्र स्व0रामबचन दूबे निवासी तिवारीपुर थाना कछवां जनपद मीरजापुर को उसके घर से गिरफ्तार कर मा0न्यायालय में प्रस्तुत किया गया । 2-जनपद में कानून/शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने के क्रम में 52 व्यक्तियों का दं0प्र0सं0 151/107/116 में चालान किया गया, जिनका थानावार संख्यात्मक **विवरण निम्नांकित है –** थाना को0शहर-10, थाना को0कटरा-01, थाना विन्ध्याचल-09, थाना को0देहात-03, थाना चील्ह-02, थाना पड़री-02, थाना लालगंज-02, थाना हलिया-06, थाना जिगना-02, थाना चुनार-06, थाना मड़िहान-04, थाना ड्रमण्डगंज-05।



# वार्षिक साइबर जागरुकता दिवस पर साइबर क्राइम थाना मीरजापुर द्वारा कार्यशाला का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** वार्षिक साइबर जागरुकता दिवस के अवसर पर साइबर अपराध से संबन्धित घटनाओं के रोक थाम के लिये जनपद मीरजापुर शहर के माननीय कांशीराम जी राजकीय बालिका इण्टर कालेज मीरजापुर व टाटा मोटर्स ओके, कम्पनी में साइबर जागरुकता से सम्बान्धित कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें माननीय कांशी रामजी राजकीय बालिका इण्टर कालेज मीरजापुर के प्रधानाध्यापिका श्रीमती अनिता यादव व छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा टाटा मोटर्स ओके, कम्पनी के मैनेजर दीपक चौरसिया तथा व्यापार वर्ग ने भी प्रतिभाग किया । इस कार्यशाला में साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक श्री श्याम बहादुर यादव के नेतृत्व में साइबर अपराध क्या है, साइबर अपराध के प्रकार, तथा उनसे कैसे बचा जाय उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी । व निरीक्षक श्री सौरभ अवस्थी द्वारा कर्मचारियों को सोशल मीडिया एकाउण्ट कैसे प्रयोग किया जाय, क्या-क्या सावधानी बरती जाय इसके संबंध में जानकारी दी गयी तथा आरक्षी निशान्त मिश्रा द्वारा इण्टरनेट बैंकिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी । जिसके अलावा साइबर अपराध के हेल्प लाईन नं0- 1930 व अन्य जानकारी आरक्षी अमित कुमार पटेल द्वारा दी गयी । साइबर अपराध के संबंध में पोर्टल की वेबसाईट के बारे में भी जानकारी दिया गया । इसके अलावा साइबर टीम द्वितीय द्वारा रेलवे स्टेशन , बस स्टैण्ड , सिंचाई विभाग कार्यालय मीरजापुर पर भी साइबर जागरुकता कार्यक्रम किया गया ।

# ग्राम पंचायतों की समस्या समाधान के लिए सोनभद्र में स्थापित होगा कंट्रोल रूम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम, क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत की विकास संबंधी कार्ययोजना तैयार करने के बाबत में मौजूद रहकर गांव के विकास में सहयोग करें। बैठक के माध्यम से गांव के विकास की योजना का प्रारूप तैयार किया जाए। इसी प्रकार से सीडीओ ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों में तैनात व्यक्ति को जन्म प्रमाण-पत्र व मृत्यु प्रमाण-पत्र लेने के लिए किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कहा कि ग्राम पंचायतों की समस्याओं की जानकारी के लिए विकास खंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया जाए। इसमें



बैठक हुई। निर्णय लिया गया कि ग्राम पंचायतों की समस्याओं की जानकारी के लिए विकास खंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्राम सभा के विकास से संबंधित कार्ययोजना ग्राम सभा में खुली बैठक के माध्यम से तैयार की जाए। ग्राम सभा की खुली बैठक में ग्राम विकास से संबंधित पशु पालन विभाग, मनरेगा, एनआरएलएम, बेसिक शिक्षा विभाग, जिला उद्यान विभाग के अधिकारीगण भी बैठक में होने वाले सफाई कर्मी ग्राम सभा में पहुंचकर सफाई का कार्य निर्धारित रोस्टर के माध्यम से सुनिश्चित करें। कहा कि गांव में यदि कोई सफाई कर्मी निर्धारित रोस्टर के अनुसार नहीं पहुंचता है तो संबंधित एडीओ पंचायत के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। ग्राम पंचायतों में तैनात होने वाले ग्राम पंचायत सहायक को एक रजिस्टर उपलब्ध करा दिया जाए जिसमें वह ग्राम सभा में होने वाले बच्चों के जन्म व मृत्यु की तिथि को अंकित करेंगे जिससे कि ग्राम सभा के किसी लोग ग्राम सभा से संबंधित समस्याओं को ब्लाक स्तर पर अवगत करा सकेंगे और उन समस्याओं का समय से निराकरण भी किया जा सके। क्षेत्र व जिला पंचायत के माध्यम से होने वाले निर्माण कार्यो के कम से कम पांच फोटोग्राफ विभिन्न स्थितियों के फाइल में लगे होने चाहिए, जिससे कि कराए गये कार्यो की स्थिति का सही ढंग से मूल्यांकन किया जा सके। डीडीओ शेषनाथ चैहान, डीपीआरओ विशाल सिंह, पीडी डीआरडीए आरएस मौर्या, एसीएमओ डा. आरजी यादव आदि रहे।

# एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर में विजय दशमी का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव से मनाया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर में विजय दशमी का पावन पर्व श्रद्धाभाव एवं आस्था के साथ मनाया गया। इस भव्य कार्यक्रम का उद्देश्य सभी आस-पास के समुदाय को स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करना था एवं दुर्गा पूजा के अवसर सभी को भारत की परंपरा और सांस्कृतिक मूल्य के समृद्ध इतिहास से अवगत कराना एवं और लोगों के बीच भाईचारे बनाये रखना था। दशहरा कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री बसुराज गोस्वामी, मुख्य महाप्रबंधक, एनटीपीसी सिंगरौली, श्रीमती जयिता गोस्वामी, अध्यक्षा, वनिता समाज, अन्य महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ वनिता समाज सदस्याओं द्वारा प्रभु श्री राम जी की आरती से की गयी।तदुपरान्त विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं संत जोसेफ स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा श्रीराम एवं लंका पति रावण के युद्ध का नाट्य मंचन किया गया। इस विजयदशमी कार्यक्रम के अगले क्रम में मुख्य अतिथि श्री बसुराज गोस्वामी द्वारा बुराई पर अच्छाई के प्रतीक के रूप में रावण, मेघनाथ, कुंभकर्ण के पुतले का दहन किया गया। तदुपरान्त हजारों ग्रामवासियों एवं दर्शकों के मनोरंजन हेतु क्रैकर शो किया गया, जिसमे पटाखोंसे विभिन्न प्रकार की मनोरंजक कलाकृति बनाई गई। श्री बसुराज गोस्वामी द्वारा सभी नाट्य मंचन के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। श्री बसुराज गोस्वामी ने विजय दशमी के शुभ अवसर अपनी ओर सभी को हार्दिक



शुभकामनाएँ दी एवं सभी को सत्य और धार्मिकता के पथ पर चलने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दशहरा सिखाता है कि अच्छाई की हमेशा बुराई पर जीत होती है एवं कोई भी कितना भी शक्तिशाली क्यों न हों, अगर उसका मकसद दुर्भावनापूर्ण और अनैतिक है, तो उसका अंत निश्चित है। शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि के पावन अवसर पर सभी आस-पास के आम जनों में खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गयाएवं डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे आस-पास के स्थानीय बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उत्कृष्ट डांडिया प्रतिभागियों एवं षष्ठी तिथि को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया था। शारदीय नवरात्रि की सप्तमी तिथि को सभी को खिचड़ी का प्रसाद वितरण एवं छाऊ नृत्य का भी आयोजन किया गया था। इस नृत्य के दौरान भारतीय संस्कृति से जुड़ी पौराणिक कथाओं का नाट्य मंचन किया गया। शारदीय नवरात्रि की अष्टमी तिथि को देवी जागरण का भी आयोजन किया गया था। दुर्गा पूजा के सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सभी ग्रामीण जनो एवं उपस्थित जनों द्वारा भरपूर आनंद लिया गया। एनटीपीसी सिंगरौली में दुर्गा पूजा के अवसर पर अनुमानित भीड़ के ध्यान रखते हुए पुख्ता सुरक्षा इंतजाम हेतु शक्तिनगर थाना के पुलिस कर्मी, एनटीपीसी सिंगरौली यूनिट के सीआईएसएफ़ कर्मी, आंतरिक सेक्युर्टी कर्मियों को भारी संख्या में तैनात किया गयाथा ।

# लायंस क्लब रेनू सागर द्वारा मरीजों को फल वितरण किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(सोनभद्र) रेनूसागर।** लायंस क्लब रेनू सागर द्वारा लायन सर्विस सप्ताह में आज हिंडाल्को हॉस्पिटल, रेनुसागर में समस्त भर्ती मरीजों को फल वितरण कर उनकी जल्द स्वस्थ होकर अपने घर जाने के लिए प्रार्थना किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से लायन अध्यक्ष ललित खुराना , सचिव लायन जय जायसवाल संयुक्त सचिव लायन रंजीत गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष लायन विवेक अग्रवाल , उपाध्यक्ष लायन मनोज अवस्थी, लायन रेणु खुराना ,लायन अरुण सिंह, डॉ अभय कुमार दुबे, डॉक्टर प्रतेश पांडेय एवं संजय शर्मा जी का विशेष योगदान रहा ।



# संजू सैमसन ने बताया कहां हो गई चूक नहीं तो जीत जाते मैच

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए पहले वनडे मैच में भले ही टीम इंडिया को 9 जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर के शानदार अर्धशतकीय पारी के दम पर 4 विकेट शॉट्स रह गया लेकिन मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। आपको बता दें कि आखिरी ओवर में टीम इंडिया को जीत के लिए 30 रन बनाने थे लेकिन संजू 1 छक्के और 3 चौके



रनों से हार का सामना करना पड़ा लेकिन इस मैच में संजू सैमसन ने अपनी बल्लेबाजी से सबका दिल जीत लिया। उन्होंने इस मैच में 63 गेंदों पर 86 रनों की पारी खेली और नाबाद रहे। उन्होंने अपनी इस पारी में 9 चौके और 3 छक्के लगाए। इससे पहले बारिश से बाधित इस मैच में 10-10 ओवर की कटौती करनी पड़ी और 40-40 ओवर का मैच खेला गया जिसमें भारत के कप्तान शिखर धवन ने टॉस खोकर 249 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की टीम 8 विकेट खोकर 240 रन ही बना पाई।टीम इंडिया की तरफ से संजू सैमसन ने सर्वाधिक 86 रनों की पारी खेली और नाबाद रहे। मैच के बाद संजू सैमसन ने बताया कि उनसे कहां चूक हो गई। उन्होंने कहा कि थोड़ा टाइम विकेट पर गुजारना पसंद करता हूं। खेलते हैं तो मैच जीताने के लिए लेकिन थोड़ा सा रह गया। दो लगाते हुए 21 रन ही बना पाए और टीम इंडिया को 9 रनों से मैच गंवाना पड़ा। उन्होंने कहा कि उनके गेंदबाज अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे लेकिन तबरेज शम्सी थोड़े महंगे साबित हुए थे। हमने उन्हें टारगेट करने का लक्ष्य बना लिया था। मैं जानता था कि आखिरी ओवर वही गेंदबाजी करेंगे। मैं 4 छक्के लगा सकता था। सीरीज का दूसरा मैच 9 अक्टूबर को रांची में खेला जाएगा।

# वेस्ट इंडीज के क्रिकेटर रहकीम कॉर्नवाल ने 77 गेंदों पर ठोका दोहरा शतक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** वेस्ट इंडीज के क्रिकेटर रहकीम कॉर्नवाल ने यूएसए के खिलाफ खेलते हुए 77 गेंदों पर 205 रनों की नाबाद पारी खेली है। अटलांटा ओपन टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट नामक टूर्नामेंट में अटलांटा ओपन के लिए खेलते हुए कॉर्नवाल ने इस पारी में 22 छक्के लगाए। मैच की बात करें तो क्लिप शेयर की गई है। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए लिखा गया, क्यों आपको मनोरंजन आया रहकीम कॉर्नवाल ने 77 गेंदों पर 205 रन बनाए।बता दें कि इस टूर्नामेंट में 16 टीमें खेल रही हैं। जीतने वाली टीम को 75 हजार डॉलर का ईनाम दिया जाएगा। गौरतलब है कि अटलांटा ओपन को आइसीसी ने मान्यता टूर्नामेंट



अटलांटा फायर ने 20 ओवरों में 326/1 का विशाल स्कोर बनाया। इसके जवाब में स्क्वायर ड्राइव ने 154 रन बनाए और इस प्रकार 172 रनों से स्क्वायर ड्राइव यह मैच हार गई। बता दें कि इस मैच का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर माइनर लीग क्रिकेट नामक ट्विटर हैंडल पर इस वीडियो की नहीं है। आइसीसी टूर्नामेंट की बात करें तो सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अभी भी यूनिवर्स बॉस के नाम पर ही है। उन्होंने आइपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलौर की तरफ से खेलते हुए 175 रनों की पारी खेली है । बता दें कि कैरेबियन प्रीमियर लीग में कॉर्नवाल बारबाडोस रॉयल्स की ओर से खेलते हैं।

# बीसीसीआइ अध्यक्ष पद से सौरव गांगुली की विदाई तय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**


**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) के दिग्गजों की दो अहम बैठकें गुरुवार को दिल्ली में हुई। इसमें बीसीसीआइ अध्यक्ष सौरव गांगुली, सचिव जय शाह, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष फिर से सचिव पद का चुनाव लड़ सकते हैं। कनार्टक से आने वाले 1983 विश्व कप चैंपियन टीम के सदस्य रोजर बिनने और कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला में से एक अध्यक्ष और एक आइपीएल चेयरमैन बन सकता है। वर्तमान कोषाध्यक्ष और संजय बेहरा, हरियाणा क्रिकेट संघ से आने वाले अनिरुद्ध चौधरी के नामों पर चर्चा हुई। वर्तमान संयुक्त सचिव जयेश जार्ज और आइपीएल चेयरमैन बृजेश पटेल भी अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे।बीसीसीआइ का चुनाव का 18 अक्टूबर को मुंबई में



एन. श्रीनिवासन, कोषाध्यक्ष अरुण सिंह धूमल ने भाग लिया। पहली बैठक एक होटल में हुई, जबकि दूसरी बैठक भाजपा के एक दिग्गज मंत्री के घर पर हुई। इस बैठक में तय हुआ कि सौरव गांगुली अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे, जबकि जय शाह केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के भाई अरुण दोबारा इसी पद पर नामांकन करेंगे। अन्य पदों के लिए दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली के पुत्र रोहन जेटली, ओडिशा क्रिकेट संघ से आने वाले होगा। 11 और 12 अक्टूबर को नामांकन होगा। 13 अक्टूबर को आवेदन की जांच की जाएगी। 14 तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकता है। इसके बाद सही नामांकन करने वालों की लिस्ट 15 अक्टूबर को जारी की जाएगी।



# राशिफल



**मेष-:** आज आपकी लोकप्रियता में वृद्धि संभव है। इस अवधि के दौरान व्यावसायिक संदर्भ में कुछ छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है।

**वृष-:** आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आपसी विश्वास की मदद से आपके रिश्ते और मजबूत होंगे। आपको अपनी मेहनत का फल जल्द ही मिलेगा।

**मिथुन-:** शैक्षणिक कार्यो के सुखद परिणाम आपको प्राप्त होंगे। किसी बड़ी समस्या का समाधान होगा। विवाह के इच्छुक व्यक्तियों को वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकते हैं।

**कर्क-:** जहां तक आपके करियर की बात है तो परिणाम प्राप्त करने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होगी। आपके बॉस और उच्च अधिकारी आपको भ्रमित कर सकते हैं।

**सिंह-:** आज आपकी उदार भावना लोगों को प्रभावित कर सकती है। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव रहेगा। आज आप किसी पुराने मित्र से उसके घर मिल सकते हैं।

**कन्या-:** आज आप अच्छा पैसा कमाएंगे लेकिन खर्चों में वृद्धि आपके लिए बचत करना और कठिन बना देगी। आज समय आपके लिए अनुकूल नहीं है। किए जा रहे काम बिगड़ सकते है।

**तुला-:** किसी भी संदेहास्पद कार्य में न उलझें, अन्यथा कानूनी कार्यवाही में आप फंस सकते हैं। अपने सामाजिक संबंधों को मजबूत करने के लिए अपने आकर्षण और शिष्टता का प्रयोग करें।

**वृश्चिक-:** आज आप दोस्तों के साथ मूवी प्लान करेंगे। आप किसी महत्वपूर्ण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। उसमें भी आपको सफलता मिलेगी।

**धनु-:** आज नौकरी में प्रमोशन के योग हैं। अगर आपके द्वारा इन समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है, तो उन लोगों की मदद लें जिन पर आप भरोसा कर सकते हैं।

**मकर-:** किसी पुराने मामले को लेकर सहकर्मियों से वाद-विवाद हो सकता है, इसलिए सावधानी से काम लें और विवादों से बचें. निजी जीवन में कुछ परेशानियां आ सकती हैं।

**कुंभ-:** आज आपका मन सामाजिक कार्यों की ओर रहेगा. शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े विद्यार्थियों को बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे।

**मीन-:** परिवार के सदस्यों की मदद से समस्या का समाधान निकालने में सफल रहेंगे। आपका पारिवारिक जीवन आरामदायक से खुशनुमा रहेगा से अधिक लोकप्रियता हासिल करेंगे।



# एशिया कप में आमने-सामने होंगे भारत और पाकिस्तान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** क्रिकेट जगत के दो सबसे बड़े राइवल भारत और पाकिस्तान की टीम एशिया कप के मुकाबले में भिड़ने वाली है। एशिया कप में भारत के अब तक प्रदर्शन की बात करें तो उसके लिए इससे देखना चाहते हैं तो आइए इससे जुड़ी कुछ अहम बातों के बारे में जान लेते हैं। कब होगा भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का यह मैच भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का यह मैच 7 अक्टूबर, शुक्रवार को होगा। कहां





अच्छी शुरुआत और कोई नहीं हो सकती जैसे टीम इंडिया ने की है। अब तक अजय रही टीम ने अपने तीनों मुकाबले जीते हैं और प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर हैं। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान की टीम को बीते दिन थाईलैंड जैसी 15वीं रैंक की टीम से हार मिली है। टीम इंडिया के पिछले मुकाबले की बात करें तो उसने यूएई को 104 रनों के बड़े अंतर से हराया था और टीम के हौसले बुलंद हैं। इससे पहले टीम मलेशिया और श्रीलंका को भी हरा चुकी है। बल्लेबाजी में जहां जेमिमा लगातार दो अर्धशतक लगाकर शानदार फॉर्म में हैं तो गेंदबाजी में दीप्ति शर्मा 3 विकेट लेकर भारत की तरफ से सबसे सफल रही है। यदि आप भी भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले इस मुकाबले को होगा भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का यह मैच भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का यह मैच सिलहट आउटर क्रिकेट स्टेडियम में होगा। कितने बजे शुरू भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का यह मैच भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का यह मैच दोपहर 1 बजे शुरू होगा।कितने बजे होगा भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप के इस मैच का टॉस भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप के इस मैच का टॉस दोपहर 12.30 बजे होगा। कहां देख सकते हैं भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का यह मैच भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप के इस मैच को आप स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख सकते हैं।

# कुलदीप यादव ने बीच मैच में डेविड मिलर को किया स्लेज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेला जा रहा है। बारिश की वजह से खेल देरी से शुरू हुआ। यह मैच 40-40 दिया। वहीं, जब मिलर चौका मारने के बाद दो रन लेने के लिए दौड़ रहे थे तो नॉन स्ट्राइक एंड पर कुलदीप ने उन्हे कुछ कहा। हालांकि कुलदीप ने मिलर को क्या कहा इसका पता लगा पाना काफी मुश्किल है लेकिन इस बातचीत की वीडियो सोशल मीडिया पर खूब



ओवर का खेला जा रहा है। इस मैच में भारत के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीका ने 4 विकेट खोकर 249 रन बनाए साउथ अफ्रीका की तरफ से डेविड मिलर और हेनरिक क्लासेन ने अर्धशतक जड़ दिया है। डेविड मिलर ने 63 गेंदों पर 75 रन बनाए। हेनरिक क्लासेन ने 65 गेंदों पर 74 रन बनाए। इस मैच में भारत की ओर से गेंदबाजी करते हुए कुलदीप यादव ने इन फॉर्म बल्लेबाज मार्करम को बिना खाता खोले आउट कर दिया। वहीं मैच के 24वें ओवर में कुलदीप की गेंद पर डेविड मिलर ने स्वीप शॉट के जरिए चौका जड़ वायरल हो रहा है। बता दें कि टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीका की टीम की तरफ से क्विंटन डीकॉक और जानेमन मलान ने पारी की शुरुआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 49 रन की अच्छी साझेदारी की। शार्दूल ठाकुर ने भारत की तरफ से पहला विकेट लिया। उन्होंने मलान को 22 रनों के निजी स्कोर पर श्रेयस अय्यर के हाथों कैच कराया। साउथ अफ्रीका का दूसरा विकेट भी शार्दूल ने आउट किया। उन्होंने बावुमा को 8 रन के स्कोर पर क्लीन बोल्ड कर दिया।

# पाकिस्तान के सामने भारत की जीत के रथ को रोकने की चुनौती, कड़ा होगा मुकाबला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** पिछले मैचों में नए खिलाडियों को मौका देने के बावजूद आसान जीत दर्ज करने वाला भारत महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां पाकिस्तान के विरुद्ध मैच में विजय अभियान जारी रखने के लिए मजबूत टीम के साथ उतरेगा।भारतीय टीम ने पिछले दो मैचों में कुल मिलाकर आठ बदलाव किए और अपनी दूसरी श्रेणी के खिलाडियों को मौके दिए, लेकिन खिताब का प्रबल दावेदार माने जा रहे पाकिस्तान के विरुद्ध हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम संभवतः अपने प्रमुख खिलाडियों के साथ उतरेगी। श्रीलंका के विरुद्ध मैच के बाद भारत ने शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी को पिछले एक-एक मैच में विश्राम दिया था, लेकिन पाकिस्तान के विरुद्ध मजबूत शुरुआत के लिए इन दोनों का फिर से एक साथ उतरना तय माना जा रहा है। लंबे शाट खेलने वाली शेफाली पर दबाव होगा क्योंकि उनका आत्मविश्वास डिगा हुआ लगता है। उन्होंने मलेशिया के विरुद्ध क्रीज पर कुछ समय बिताया, लेकिन वह किसी भी समय अपने नैसर्गिक अंदाज में खेलते हुए नहीं



दिखीं। अब जब महिला टी-20 विश्व कप में ज्यादा दिन नहीं बचे हैं तब यह युवा बल्लेबाज अपने नैसर्गिक अंदाज में आक्रामक पारी खेलकर अपना खोया आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेगी। मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत इंग्लैंड के विरुद्ध सीमित ओवरों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन करके यहां पहुंची हैं। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाली जेमिमा रोड्रिग्ज शानदार फार्म में हैं। श्रीलंका के विरुद्ध अपने करियर का सर्वोच्च स्कोर बनाने के बाद उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के विरुद्ध भी अर्धशतक बनाया। इस मैच में दीप्ति शर्मा ने भी अर्धशतक जड़ा था। भारतीय गेंदबाजों ने पिछले तीनों मैच में शानदार प्रदर्शन किया और पाकिस्तान के विरुद्ध वे इसे जारी रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जहां तक पाकिस्तान का सवाल है तो उसके बल्लेबाजों को मलेशिया और बांग्लादेश के विरुद्ध खास मौका नहीं मिला क्योंकि उनके सामने छोटा लक्ष्य था, लेकिन थाइलैंड के खिलाफ वे प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच को लेकर हमेशा ही उत्सुकता बनी रहती है, लेकिन इस साल इन दोनों टीमों के बीच जो दो मैच अभी तक खेले गए हैं उनमें भारतीय टीम ने आसान जीत दर्ज की। भारत ने जुलाई में कामनवेल्थ गेम्स में पाकिस्तान को आसानी से हराया था। इन दोनों टीमों के बीच जो पिछले पांच मैच खेले गए हैं उनमें भारत विजयी रहा।

# बाबर आजम और विराट कोहली की तुलना करते हुए रमीज राजा ने पाकिस्तान के लोगों पर कसा तंज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम इस समय आइसीसी टी20 रैंकिंग में 801 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर काबिज हैं। गौरतलब है कि बतौर बल्लेबाज उनकी धीमी स्ट्राइक रेट को लेकर



पाकिस्तान के कई फैंस उनसे नाराज हैं। वहीं, पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज और इस समय आइसीसी टी20 रैंकिंग में पहले स्थान पर काबिज मोहम्मद रिजवान की भी धीमी स्ट्राइक रेट को लेकर काफी बातचीत होती है। आगामी टी20 वर्ल्ड कप से पाकिस्तान को इंग्लैंड के हाथों 4-3 से टी20 सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। इसी बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख रमीज राजा ने बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान के खिलाफ हो रही आलोचनाओं पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आलोचकों को जवाब देने के लिए विराट कोहली का सहारा लिया है। पाकिस्तान के न्यूज चैनल समा टीवी से बातचीत के दौरान रमीज राजा ने इस बात को स्वीकार किया कि एशिया कप के फाइनल मैच में पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया के लिए एशिया कप अच्छा नहीं रहा। टीम फाइनल तक भी नहीं पहुंच पाई। हालंकि अफगानिस्तान के खिलाफ खेलते हुए विराट कोहली ने शतक जड़ा। विराट कोहली ने जब शतक जड़ा उसके बाद भारतीय क्रिकेट फैंस और मीडिया अपने पूरे एशिया कप अभियान के बारे में भूल गए थे। उन्होंने आगे कहा, 'अगर यही शतक विराट कोहली की जगह बाबर आजम ने लगाया होता तो बाबर की तारीफ की जगह उनके स्ट्राइक रेट को लेकर पाकिस्तान के लोग बात कर रहे होते।

# संजू सैमसन ने वनडे की अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी खेलकर तोड़ दिए रिषभ पंत और राहुल द्रविड़ के यह रिकार्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज संजू सैमसन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ चल रहे तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले ही मैच में अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी से क्रिकेट फैंस के मन भी तोड़ दिया। हालांकि भारत को इस मैच में संजू की संघर्षपूर्ण पारी के बाद भी 9 रन से हार मिली। संजू सैमसन ने इस मैच में प्रोटियाज के खिलाफ 63 गेंदों पर 3 छक्के और 9 चौकों की मदद से नाबाद



जीत लिया। संजू सैमसन को पहली बार भारतीय धरती पर वनडे इंटरनेशनल मैच खेलने का मौका मिला और इस मैच में उन्होंने अपने वनडे करियर की बेस्ट पारी भी खेल डाली और इस पारी के दम पर उन्होंने पूर्व दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ और रिषभ पंत के रिकार्ड को 86 रन बनाए। अपनी इस पारी के बाद वो भारत के लिए वनडे क्रिकेट में साउथ अफ्रीका के खिलाफ चेज करते हुए हारे हुए मैच में दूसरी सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बने और राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया। संजू अब इस मामले में दूसरे नंबर पर आ गए जबकि द्रविड़ तीसरे नंबर पर खिसक गए। वनडे में चेज करते हुए प्रोटियाज के खिलाफ हारे हुए मैच में सबसे बड़ी पारी भारत के लिए खेलने का रिकार्ड विराट कोहली के नाम पर दर्ज है और उन्होंने ये पारी साल 2011 में खेली थी। भारत के लिए चेज करते हुए हारे हुए मैच में वनडे में साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे बड़ी पारी खेलने वाले टाप तीन बल्लेबाज- 87 रन - विराट कोहली (2011) 86 रन - संजू सैमसन (2022) 71 रन राहुल द्रविड़ (2001)संजू सैमसन भारत की तरफ से बतौर विकेटकीपर साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे क्रिकेट में सबसे बड़ी पारी खेलने के मामले में दूसरे नंबर पर आ गए और उन्होंने रिषभ पंत का रिकार्ड तोड़ दिया। इससे पहले रिषभ पंत बतौर विकेटकीपर प्रोटियाज के खिलाफ भारत की तरफ से दूसरी सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज थे, लेकिन वो तीसरे नंबर पर आ गए। इस मामले में पहले नंबर पर पूर्व भारतीय कप्तान व विकेटकीपर एम एस धौनी हैं।

## सम्पादकीय

# विकास के लिए प्रतिस्पर्धी बनें राज्य, सभी की पूर्ण सहभागिता से पूरा होगा आत्मनिर्भर भारत का सपना

वेदांत और फाक्सकान गुजरात में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले प्रोडक्शन प्लांट लगाने के लिए 1.54 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। किसी भी भारतीय राज्य में यह अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। दावा किया गया कि एक हजार एकड़ भूमि पर लगने वाला यह प्लांट पहले महाराष्ट्र में लगाए जाने की योजना थी। इस प्रोजेक्ट को हासिल करने के लिए दोनों राज्य नाममात्र की कीमत पर भूमि, सस्ती बिजली, कर छूट आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए तैयार थे। इसका प्रमुख कारण यह था कि इस मेगा प्रोजेक्ट के निवेश से न सिर्फ राज्य का विकास होगा, बल्कि एक लाख लोगों को रोजगार भी मिलेगा।यह प्रोजेक्ट किस राज्य में होना चाहिए, इसके लिए दोनों राज्यों के अपने-अपने तर्क हो सकते हैं, परंतु इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों राज्यों में विकास, रोजगार और निवेश आदि के लिए प्रतिस्पर्धा हुई। बदलते समय में दोनों राज्य विकास की महत्ता को समझ रहे हैं। विकास के लिए यदि सभी राज्यों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा होने लगे तो भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने से कोई रोक नहीं सकता।उल्लेखनीय है कि देश में अधिक निवेश को आमंत्रित करने के लिए भारत सरकार ने भी 10 अरब डालर की प्रोत्साहन राशि देने का वादा किया है। यह एक खुला आमंत्रण है कि जिस राज्य की जितनी तैयारी होगी, उसको विदेशी निवेश का लाभ भी उतना ही अधिक मिलेगा। इससे न सिर्फ राज्य एवं देश का विकास होगा, बल्कि उस राज्य के नागरिकों का आर्थिक एवं सामाजिक कल्याण भी होगा। सामाजिक-आर्थिक विकास से समाज में अनेक सामाजिक बुराइयां स्वयं ही समाप्त होने लगती हैं।नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार देश की जीडीपी में केवल पांच राज्यों-गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक का योगदान लगभग 47 प्रतिशत है। ये राज्य आइटी सेक्टर, आटोमोबाइल, पर्यटन, सेवा, फार्मास्यूटिकल आदि क्षेत्रों में अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधारिक संरचना पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। आरबीआइ की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार गुजरात एवं महाराष्ट्र मैन्यूफैक्चरिंग हब बन गए हैं। ये दोनों राज्य श्रम कानूनों में सुधार के साथ व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विंडो व्यवस्था के अंतर्गत समस्याओं का तुरंत समाधान करते हैं।2012 से 2019 तक गुजरात को 5.85 लाख करोड़ रुपये का निवेश मिला, जबकि महाराष्ट्र में 4.07 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया। गोवा, दिल्ली, सिक्किम, हरियाणा आदि राज्य भी इस दिशा में अच्छा कार्य कर रहे हैं। वहीं सबसे अधिक जनसंख्या के कारण प्रति व्यक्ति आय के मापदंड में पिछड़ने के बावजूद उत्तर प्रदेश अपने निरंतर प्रयासों से कृषि एवं सेवा क्षेत्र में अपने योगदान को बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित दिखाई दे रहा है। योगी सरकार ने बुंदेलखंड जैसे पिछड़े क्षेत्रों के साथ पूरे उत्तर प्रदेश में आधारिक संरचना के क्षेत्र में बहुत तेजी से कार्य किया है। निवेश को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश जिस गति से कार्य कर रहा है, उसके परिणाम शीघ्र ही दिखाई देंगे।इसके विपरीत विकास की कोई सुनियोजित रणनीति न होने के कारण झारखंड, बिहार, मणिपुर और ओडिशा आदि राज्य प्रति व्यक्ति आय मापदंड की दौड़ में बहुत पिछड़ गए हैं। सबसे धनी एवं सबसे गरीब राज्यों की प्रति व्यक्ति आय के आधार पर तुलना करें तो 21वीं सदी की शुरुआत से लेकर 2018-19 तक तुलनात्मक अध्ययन में यह अंतर 145 प्रतिशत से बढ़कर 322 प्रतिशत हो गया है। आज जो राज्य औद्योगिक विकास में पिछड़ रहे हैं, उसका मुख्य कारण उस राज्य के नेताओं में विजन एवं दूरदर्शिता का अभाव भी है।विकास की पहली शर्त ही है कि अर्थव्यवस्था में उद्योगों को प्राथमिकता दी जाए, जिससे उस राज्यों में संसाधनों के उचित दोहन द्वारा रोजगार को बढ़ाया जा सके। राज्यों की उदासीनता के कारण ही अवसंरचनात्मक विकास पर बहुत कम व्यय किया जाता है, जिससे विकास का पहिया उलटा घूमने लगता है। इसका उदाहरण बंगाल है, जो कभी उद्योगों का गढ़ हुआ करता था, आज निवेशक यहां उद्योग लगाने के लिए भी तैयार नहीं हैं। 1960 से अभी तक लगभग 56 हजार उद्योग बंद हो गए या फिर राज्य से बाहर जा चुके हैं। यही स्थिति आज पंजाब की हो गई है।

# हिंदू-मुस्लिम संबंधों में सुधार की राह, भ्रामक दावों का खंडन कर वस्तुस्थिति के मुद्दे पर हो बात

विजयदशमी के अवसर पर नागपुर में अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने एक ओर जहां यह कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों के साथ संवाद जारी रहेगा, वहीं यह भी कहा कि अल्पसंख्यकों को कहीं कोई खतरा नहीं है। यह इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि कुछ समय पहले मुस्लिम समाज के पांच प्रमुख लोगों ने उनसे मुलाकात के समय यह कहा था कि मुसलमान खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस मुलाकात को लेकर अब तक चर्चा जारी है। संघ मूलतः एक सामाजिक संगठन है और जितनी मात्रा में राजनीति समाज को प्रभावित कर सकती है, वह राजनीति में उतनी ही रुचि रखता है। वह राजनीतिक पैंतरेबाजी से कतई दूर रहता है। संघ की दिशा बहुत सोच-विचार कर और दीर्घकालिक स्वरूप के तहत बनती है। वह जो भी कार्य अपने लिए निश्चित करता है, उसमें उसका पूरा विश्वास होता है। कुछ समय से भागवत के बयान और संघ की रीति-नीति यही जताती है कि संघ हिंदू-मुस्लिम संबंधों में सुधार के लिए प्रयासरत है। इसी के तहत गत वर्ष सितंबर में भागवत ने मुंबई में मुस्लिम हस्तियों से मुलाकात की थी। इससे पहले सितंबर 2019 में भी उन्होंने जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना सैयद अरशद मदनी से बात की थी। मुलाकातों का यह क्रम और संघ प्रमुख द्वारा हिंदू और मुसलमानों की समान आनुवंशिकी पर बार-बार बल दिखाता है कि संघ हिंदू-मुस्लिम भाईचारे के प्रति पूरी तरह गंभीर है। किसी भी समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संवाद बने रहना न सिर्फ स्वस्थ तंत्र का परिचायक है, बल्कि भ्रम और भ्रांतियों को समाप्त करने का सभ्य तरीका भी है, परंतु सार्थक संवाद के लिए आवश्यक है कि वार्ता वास्तविकता और तथ्यों पर आधारित हो। मुस्लिम समाज




के पांच लोगों के साथ अपने संवाद में जहां सरसंघचालक ने गोहत्या और काफिर शब्दावली के उपयोग पर अपनी आपत्ति जताई, वहीं मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने अपने समुदाय के भय के साये में रहने की बात कही। पहले भी मुस्लिम बुद्धिजीवी सरसंघचालक से माब लिंचिंग और अपने समाज के कथित तौर पर भयभीत होने की शिकायत करते रहे हैं। मुस्लिम पक्ष द्वारा झूठा भय प्रसार ही सबसे बड़ी समस्या है। मोदीराज में भयाक्रांत मुस्लिम' वह कथानक है, जो तथ्यों के सर्वथा विपरीत है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो को मजहबी आधार पर आंकड़े प्रकाशित करने की अनुमति नहीं है, परंतु समाचारों के सरसरी तौर पर अवलोकन करने से पता चलता है कि अंतर्मतीय अपराधों का रुख लगभग एकतरफा है। अवयस्क युवतियों के अपहरण, दुष्कर्म, हत्या और शादी के बाद पति के मजहब को स्वीकार न करने के चलते उत्पीड़न और हत्या ऐसे अंतर्मतीय अपराध हैं, जिनमें शत प्रतिशत अपराधी समुदाय विशेष से और पीडित बहुसंख्यक समुदाय से मिलते हैं। इसके अलावा हिंदू शोभायात्राओं पर हमले, मूर्तिभंजन, हिंदू देवी-देवताओं पर अपमानजनक टिप्पणियां आए दिन की बात हो गई है। हर हिंदू पर्व पर कहीं न कहीं व्यवधान और हिंसा की खबर आती है। देश के सुदूर कोनों में ही नहीं, बल्कि राजधानी दिल्ली में भी छोटी-छोटी बात पर हिंदुओं की हत्या रोजमर्रा की बात हो गई है। हाल में गुस्ताखी के नाम पर देश भर में उग्र प्रदर्शन और करीब आधा दर्जन हत्याएं देखने को मिलीं। कई जिलों में मुस्लिम आबादी बढ़ने पर विद्यालयों में प्रार्थना बदल देना और शुक्रवार को अवकाश घोषित करने की खबरें भी सामने आईं। इतनी आक्रामकता के बावजूद यदि मुस्लिम बुद्धिजीवी मुसलमानों को ही पीडित सिद्ध करने पर तुले हुए हैं तो यह बौद्धिक बेईमानी है। इस स्थिति में हिंदू पक्ष दोहरी मार झेलने को विवश है। एक तो वह पीडित होने के बावजूद कठघरे में खड़ा है। दूसरी तरफ सरकार भी हिंदू उत्पीड़न को स्वीकार करने में इसलिए संकोच करती है, क्योंकि ऐसा करने से उसकी हिंदू हितरक्षक छवि पर आंच आती है। ऐसी जटिल परिस्थितियों में यदि एक पक्ष मिथ्या प्रचार को अपनी बातचीत का आधार बनाए और दूसरा पक्ष पूरा सच कहने में अचकचाए तो यह विचारणीय है कि इन प्रयासों का परिणाम क्या होगा यदि समाधान का विचार छोड़ केवल बातचीत के लिए ही बातचीत होनी है तो यह चिंताजनक है। उसमें सच-झूठ का महत्व खत्म हो जाता है। सौ वर्षों की राजनीति पर नजर डालें तो मुस्लिम राजनेताओं द्वारा इसी दुराग्रह के सहारे आक्रामक होते हुए भी उत्पीडि.त बने रहने की राजनीति सफलतापूर्वक खेली जाती रही है। देश भर में हिंदुओं पर हो रही हिंसा को नजरअंदाज कर महज संवाद के लिए संवाद जारी रहता है तो हम स्वतंत्रता पूर्व से पहले के हिंदू-मुस्लिम संबंधों पर पहुंच रहे हैं। कहने का आशय यह नहीं कि दोबारा विभाजन जैसी आशंका बनती दिखती है, परंतु जिस तरह शांति स्थापना और भाईचारे के पीछे दौड़ती कांग्रेस हठी मुस्लिम लीग की अनुचित मांगों के आगे लगातार झुकती गई, उसने देश और समाज का कैसा अहित किया, वह सबने देखा। संघ का जन्म इसी विकार से लड़ने के लिए हुआ। उसे संवाद जारी रखते हुए गांधीजी के तौर-तरीकों का अनुसरण करने से बचना होगा। अल्पसंख्यक समुदायों और विशेष रूप से मुस्लिम समाज के लोगों से संवाद को तार्किक परिणति तक पहुंचाना है तो भ्रामक दावों का खंडन कर वस्तुस्थिति को बातचीत का मुद्दा बनाना होगा। यह भ्रामक प्रचार के समुचित प्रतिकार न करने का ही नतीजा है कि आज ब्रिटेन तक में हिंदू मजहबी कट्टरपंथियों की हिंसा झेल रहा है। यह बोध रहना भी आवश्यक है कि मुस्लिम व्यक्तित्व और इस्लामी कट्टरता दो अलग चीज हैं। हर पंथ-मजहब में अच्छे-बुरे लोग हो सकते हैं, परंतु इस्लामी कट्टरता ईश्वरत्व पर एकाधिकार, मजहबी श्रेष्ठता और विस्तारवाद के आग्रह पर दृढ़ है और वही समस्या की जड़ है। सरसंघचालक का व्यक्तित्व बड़ा है और उनका समाज के सभी वर्गों में सम्मान है, परंतु क्या उनके सदाशयी प्रयास इस्लाम की मूल प्रवृत्ति में बदलाव ला सकते है यदि इस प्रशन के उत्तर में शंका का भाव मिलता है तो संघ को संवाद की दिशा, प्रारूप और औचित्य पर पुनर्विचार करना चाहिए।

# पार्टी पर कायम रहेगी गांधी परिवार की पकड़

तमाम अटकलों के बाद कांग्रेस अध्यक्ष पद चुनाव के लिए नामों से पर्दा उठ गया है। आखिरी दौर में बड़ी हैरानी से मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम आया। उससे भी ज्यादा हैरत की बात यह थी कि गांधी परिवार के विरुद्ध असंतोष का बिगुल बजाने वाले कथित जी-23 समूह के नेता थोक के भाव उनके प्रस्तावक बनकर उभरे। जबकि जगजाहिर है खड़गे गांधी परिवार की पसंद हैं। दिग्विजय सिंह का नाम भी उछला था, मगर वह एक



शिगूफा ही साबित हुआ। शशि थरूर पहले ही घोषणा कर चुके थे, लेकिन अध्यक्ष पद के लिए परिवार की पसंद खड़गे के पक्ष में जितना समर्थन उमड़ा है, उससे उनका अध्यक्ष चुना जाना तय लग रहा है। ऐसे में थरूर ही एकमात्र 'स्वतंत्र उम्मीदवार' दिखते हैं। अस्सी वर्षीय खड़गे के चयन के माध्यम से गांधी परिवार ने कुछ कड़े संदेश दिए हैं। पहला यही कि स्वायत्तता को लेकर बड़ी बातों के बावजूद वह पार्टी पर अपना नियंत्रण छोड़ने को तैयार नहीं। दूसरा, वफादारी उनके लिए सबसे बढ़कर है। तीसरा, यह कि परिवार अपने वारिस राहुल गांधी के लिए कोई प्रतिस्पर्धा नहीं चाहता। आलोचकों को भले ही इस व्यवस्था में कुछ खोट नजर आए, लेकिन व्यावहारिक नजरिये से यही तार्किक है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि राजनीतिक टिप्पणीकार क्या कहते हैं, लेकिन इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि जनता कांग्रेस को गांधी परिवार से ही जोड़कर देखती है। जब तक पार्टी खुद ही न बिखर जाए तब तक इस रिश्ते को खत्म नहीं किया जा सकता। साथ ही विगत दो वर्षों में यही दिखा है कि गांधी ब्रांड नाम पर निर्भरता कहीं अधिक बढ़ गई है और पार्टी के भीतर परिवार को कोई ठोस चुनौती नहीं मिल रही। चूंकि पार्टी की 'तिजोरी' की चाबी गांधी परिवार के पास है तो कोई न विद्रोह करने की स्थिति में है और न विभाजन करने की, जैसा इंदिरा गांधी ने अपने धड़े के साथ किया था। इसलिए पूरी शक्तियों के साथ किसी गैर-गांधी द्वारा पार्टी को चलाने की सोचना बेमानी होगा। जैसा कि दिग्विजय सिंह ने स्वीकार भी किया कि चाहे जो भी अध्यक्ष बने, उसे सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के मार्गदर्शन में ही काम करना होगा।हालांकि पिछले कुछ दिनों की घटनाओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता। अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी चुनने की प्रक्रिया सुगम नहीं रही।

# नए सीडीएस की राह में चुनौतियां, एक साथ साधने होंगे कई निशाने

करीब दस महीने तक चीफ आफ डिफेंस स्टाफ यानी सीडीएस का पद रिक्त रहने के बाद लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) अनिल चौहान ने हाल में यह दायित्व संभाल लिया है। गत दिसंबर में देश के पहले सीडीएस बिपिन रावत के निधन के बाद से सैन्य सुधारों की जो प्रक्रिया कुछ शिथिल पड़ गई थी, उससे नए सीडीएस की नियुक्ति में विलंब अखर रहा था। सीडीएस का सृजन ही बड़ी मशक्कत के बाद हुआ था। पूर्ववर्ती सरकारें ऐसे प्रस्ताव पर




कुंडली मारकर बैठी रहीं। कारण यही था कि ऐसी किसी भी संस्था के गठन में सेना, वायु सेना और नौसेना से जुड़े सभी अंशभागियों को साथ लाना था। उनकी आंतरिक व्यवस्था को देखते हुए यह आसान नहीं था। कई साहसिक फैसले लेने वाली मोदी सरकार ने इस मोर्चे पर भी साहस दिखाते हुए सीडीएस के गठन को हरी झंडी दिखाई। जिस प्रकार नए सीडीएस की नियुक्ति में सरकार ने इतना समय लिया है तो स्वाभाविक है कि काफी पड़ताल की गई है। इस दौरान सीडीएस की नियुक्ति से जुड़े कुछ नियम भी बदले हैं। इन पर विवाद भी हुआ। एक वर्ग को यह आपत्ति है कि साल भर पहले सेवानिवृत्त हो चुके अधिकारी को इतने महत्वपूर्ण दायित्व के लिए क्यों चुना गया कुछ को यह बात खल रही है कि जब तीनों सेनाओं के प्रमुख चार सितारा जनरल हैं तो तीन सितारा सेवानिवृत्त अधिकारी को सीडीएस क्यों बनाया गया ऐसे लोगों की अपनी दलीलें हो सकती हैं, लेकिन इन बातों से खास फर्क नहीं पड़ता। ऐसे पदों पर रैंक या वरिष्ठता से अधिक क्षमताओं और विशेषज्ञता को वरीयता देना उचित है और इस कसौटी पर अनिल चौहान पूरी तरह खरे उतरते हैं। उनकी दक्षता और अनुभव उन्हें इस पद के योग्य बनाते हैं। वह पूर्वी कमान के मुखिया रहे हैं। बालाकोट एयरस्ट्राइक के समय डीजीएमओ पद पर तैनात थे। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में भी सेवाएं दे चुके हैं। यानी उनके पास सैन्य नेतृत्व, सैन्य अभियान और रणनीतिक नियोजन का व्यापक अनुभव है। ऐसे में उनकी योग्यता को लेकर उठ रहे सवाल बेमानी हैं। ऐसे सवालों के बजाय हमें उन चुनौतियों पर बात करनी चाहिए, जो नए सीडीएस की प्रतीक्षा कर रही हैं। सीमा पर चीन भारत की सबसे बड़ी समस्या बना हुआ है। पाकिस्तानी चुनौती तो हमेशा से कायम है। यही स्थिति भारत के लिए दो मोर्चों पर एक साथ संघर्ष की चुनौती उत्पन्न करती है। अनिल चौहान के पूर्ववर्ती जनरल रावत अक्सर इस चुनौती का उल्लेख करते थे। ऐसे में नए सीडीएस के लिए आवश्यक होगा कि इस चुनौती से पार पाने के लिए वह लंबित सुधारों की गति बढ़ाएं। इसके लिए सैन्य बलों का एकीकरण और आधुनिकीकरण समय की मांग है। विशेषकर चीन की चुनौती को देखते हुए यह कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है, जिसके साथ मई 2020 से ही तनाव बना हुआ है। हालांकि दोनों पक्षों के बीच वार्ता से सुलह की संभावनाएं बनी हैं और सेनाएं पीछे हट रही हैं, लेकिन चीन के चरित्र को देखते हुए उस पर पूरा भरोसा उचित नहीं होगा। अभी भी चीन ने सीमा पर भारी सैन्य जमावड़ा किया हुआ है तो भारत ने भी अपने आक्रामक तेवरों से जवाब देने में कोई कंजूसी नहीं की है। भारत ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि जब तक 2020 वाली स्थिति कायम नहीं होती, तब तक चीन के साथ संबंधों में सुधार या नरमी बरतने का उसका कोई इरादा नहीं। वैसे भी सेनाओं का पीछे हटना लंबी चलने वाली प्रक्रिया है और यदि इस बीच कोई तात्कालिक चुनौती उभरती है तो उसका तत्काल जवाब देना सैन्य बलों के लिए जरूरी होगा। पाकिस्तान इस समय अपनी कुछ समस्याओं में उलझा हुआ है, लेकिन भारत के प्रति उसके शत्रुता भाव में कोई कमी नहीं आई है। ऐसे में दो मोर्चों पर लड़ाई को लेकर सीडीएस को अपनी पुख्ता तैयारी रखनी होगी।उन्हें सैन्य आधुनिकीकरण और घरेलू रक्षा उत्पादन दोनों को साधना होगा। घरेलू रक्षा उत्पादन के लिए ढांचा तैयार कर उससे आपूर्ति के लिए प्रतीक्षा करनी होगी, क्योंकि यह समय लेने वाली प्रक्रिया है। इस बीच सैन्य बलों की तात्कालिक जरूरतों की पूर्ति के लिए आयात करने होंगे। ऐसे में सीडीएस के लिए चुनौती है कि वह न तो घरेलू रक्षा उत्पादन की गति मंद पड़ने दें और न ही तात्कालिक सामरिक आपूर्ति में सुस्ती आने दें। अच्छी बात है कि सरकार उस नीति पर काम रही है, जिसमें विदेशी रक्षा आपूर्तिकर्ताओं के साथ होने वाले अनुबंधों की एक निश्चित राशि का निवेश देश में उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने में किए जाने का प्रविधान है। इसी प्रकार अगिनपथ योजना को स्वीकार्यता दिलाने के लिए भी उन्हें कड़े प्रयास करने होंगे।यह निःसंदेह अच्छी योजना है, मगर कुछ संवेदनशील पहलुओं को लेकर राजनीतिक विरोध का शिकार हो गई। यह योजना उन्हीं सैन्य समितियों की अनुशंसाओं के अनुरूप है, जिसमें सैन्य बलों के आकार को सुसंगत रखने की सिफारिश की गई। भविष्य में जिस प्रकार के युद्ध लड़े जाएंगे, उनमें सैन्य बलों के आकार से अधिक उनकी क्षमताएं निर्णायक सिद्ध होंगी, जिसके लिए सैन्य बलों को आधुनिक तकनीक प्रदान करनी होगी। जबकि भारत में सैन्य बलों पर राजस्व खर्च अधिक होने के कारण आधुनिकीकरण के लिए पूंजीगत संसाधन पर्याप्त नहीं रह जाते।

# देश विरोधी विमर्श से लड़ने की चुनौती, अब भारत को दुरुस्त कदम उठाने की जरूरत

केंद्रीय दूरसंचार विभाग ने भारतीय दूरसंचार विधेयक का मसौदा जारी कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। यह विधेयक तीन मौजूदा कानूनों को समेकित कर दूरसंचार क्षेत्र के कानूनी ढांचे को बदलने के उद्देश्य से लाया गया है। इसमें दूरसंचार सेवाओं की परिभाषा को बदलते हुए इंटरनेट आधारित ओवर-द-टाप (ओटीटी) संचार सेवाओं जैसे-वाट्सएप, सिगन्ल



और टेलीग्राम को भी शामिल किया गया है। यानी ओटीटी और इंटरनेट आधारित संचार सेवा प्रदान करने के लिए भी अब लाइसेंस की आवश्यकता होगी। फिलहाल देश में दूरसंचार क्षेत्र को नियंत्रित करने के लिए भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885, भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम, 1933 और द टेलीग्राफ वायर्स (गैरकानूनी संरक्षण) अधिनियम, 1950 जैसे तीन कानून हैं। भारत में दूरसंचार उद्योग अभी 117 करोड़ ग्राहकों के साथ दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा उद्योग है। भारत की कुल टेलीडेंसिटी (एक क्षेत्र में रहने वाले प्रत्येक सौ व्यक्तियों के लिए टेलीफोन कनेक्शन की संख्या) 85.11 प्रतिशत है। दूरसंचार क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में आठ प्रतिशत का योगदान है। आश्चर्यजनक है कि इतना महत्वपूर्ण क्षेत्र होने के बावजूद दूरसंचार क्षेत्र के प्रशासन से संबंधित कानून काफी पुराने हैं। दो कानून औपनिवेशिक काल के हैं और तीसरा स्वतंत्रता के तुरंत बाद का। तब से अब तक इस क्षेत्र में काफी व्यापक बदलाव हुए हैं। सरकार की ओर से संसद में दी गई जानकारी के अनुसार आज भारत की 98 प्रतिशत जनसंख्या 4जी तकनीकी के दायरे में आ चुकी है। 5जी सेवाएं शुरू होने के साथ ही दूरसंचार विभाग ने 6जी के लिए भी एक प्रौद्योगिकी अध्ययन समूह बना दिया है। इसके अलावा इंटरनेट आधारित ओटीटी सेवाएं, इंटरनेट आफ थिंग्स, इंडस्ट्री 4.0 और मोबाइल एज टेक्नोलाजी जैसी नई तकनीकी भी मौजूद हैं। ऐसे में देश में एक नए कानून की आवश्यकता है, जो बदलती प्रौद्योगिकी को समावेशित कर सके। नए मसौदा विधेयक का सबसे खास प्रविधान यह है कि भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा करने या सार्वजनिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए किसी भी काल या मैसेज को इंटरसेप्ट किया जा सकता है। यह जरूरी भी है, क्योंकि हमें ज्ञात है कि आजकल भारत-विरोधी प्रोपेगंडा इंटरनेट मीडिया और इन्हीं ओटीटी सेवाओं के जरिये आगे बढ़ाया जाता है। विमर्श की इस लड़ाई में भारत किसी भी सूरत में पिछड़ता हुआ नहीं दिख सकता। इसलिए ऐसे कानून को लाने में और देर नहीं की जा सकती। इंटरनेट मीडिया के मोर्चे पर 2021 में तीन बड़ी घटनाएं हुईं। भारत ने कई चीनी एप्स पर प्रतिबंध लगाए। ट्विटर, फेसबुक आदि की मनमानी पर लगाम के लिए नए आइटी नियम लागू किए। इंटरनेट मीडिया-डिजिटल प्लेटफार्म के दुरुपयोग की बढ़ती घटनाओं की वजह से नए आइटी नियम जरूरी हो गए थे। इन नियमों से आम उपभोक्ता को दुर्व्यवहार की शिकायतों के निवारण के लिए एक मंच मिलेगा। हालांकि नए नियम स्वतः विनियामक यानी सेल्फ रेग्युलेशन पर आधारित हैं, फिर भी इनकी संवैधानिकता को चुनौती देने वाली कई याचिकाएं विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित हैं। वहीं विदेशी कंपनियों और विदेशी समाचार पत्र समूहों का भारत विरोध जगजाहिर है। इस विमर्श में वे अक्सर भ्रामक, एकपक्षीय और दुराग्रहपूर्ण जानकारी प्रस्तुत करते पाए जाते हैं। इन्हीं वजहों से भारत सरकार आइटी अधिनियम के तहत बने नियमों में भी संशोधन करने पर विचार कर रही है, जिससे फेसबुक और ट्विटर जैसे मंचों को फेक न्यूज और गैरकानूनी/हानिकारक जानकारी के लिए उत्तरदायी बनाया जाए। सरकार का मानना है कि इन मध्यवर्ती कंपनियों को फेक न्यूज को पहचान कर अपने स्तर पर ही निपटने के उपाय करने चाहिए। विदेशी एजेंसियां विभिन्न सर्वे जारी कर भारत को नीचा दिखाने का प्रयास करती रहती हैं। कभी डेमोक्रेसी इंडेक्स जारी होता है तो कभी मीडिया की स्वतंत्रता का इंडेक्स।

संक्षिप्त समाचार

## संयुक्त राष्ट्र में श्रीलंका पर आए प्रस्ताव से दूर रहा भारत

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने श्रीलंका के संबंध में आए प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। इसमें श्रीलंका में रहने वाले तमिलों के कल्याण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने, जवाबदेही तय करने और मानवाधिकारों का पालन के



प्रविधान हैं। श्रीलंका से इन प्रविधानों को लागू करने के लिए कहा गया है। भारत ने इस प्रस्ताव से संबंधित मतदान में भाग नहीं लिया। 47 सदस्यों वाली परिषद में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी समेत 20 सदस्य देशों ने प्रस्ताव के समर्थन में मतदान किया, जबकि चीन और पाकिस्तान सहित सात देशों ने प्रस्ताव के विरोध में मत दिया। भारत, जापान, नेपाल और कतर सहित 20 देश मतदान से दूर रहे। मतदान से पूर्व हुई चर्चा में भारत ने श्रीलंका सरकार से तमिलों के कल्याण के लिए पूर्व में किए गए वादों को पूरा करने का अनुरोध किया।

## यूक्रेन युद्ध और ऊर्जा संकट पर चर्चा के लिए यूरोप के 44 नेता इकट्ठा

**प्राग।** यूक्रेन पर रूस के हमले के विरोधी और ऊर्जा संकट झेल रहे 44 देशों के नेता गुरुवार को चेक गणराज्य में मिले। इस समिट में यूरोपीय यूनियन (ईयू) के 27 सदस्य देशों के साथ ही ब्रिटेन, तुर्किये और बाल्कन देशों के नेता भी भाग ले रहे हैं। क्षेत्रीय देशों में केवल रूस और उसके सहयोगी बेलारूस के नेताओं को आमंत्रित नहीं किया गया है। प्राग कैसल के बाहर पत्रकारों से बातचीत में आइसलैंड की प्रधानमंत्री कैटरीन जाकोब्सदोतीर ने कहा, देखा जा सकता है कि पूरा यूरोप रूसी हमले के खिलाफ एकजुट खड़ा है। इसी कैसल में समिट हो रही है। जबकि बेल्जियम के प्रधानमंत्री एलेक्जेंडर डी क्रू ने कहा, अगर यहां पर सिर्फ उपस्थिति दर्ज कराने आए हैं तो भी महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह एकजुटता दिखाने का मंच है। यहां पर केवल रूस और बेलारूस की अलग हैं।

# सपा संरक्षक की सलामती के लिए कार्यकर्ताओं ने कराया महामृत्युंजय यज्ञ

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** सपा संरक्षक एवं उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ एवं दीर्घायु के लिए सपा नोएडा ग्रामीण के निवर्तमान जिला महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद दुबे ने सपा अचानक तबियत बिगड़ने पर उनको गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। सभी कार्यकर्ता माता ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि नेता जी जल्द स्वस्थ होकर हमारे बीच लौटें। किसान, नौजवान,गरीब सभी के



कार्यकर्ताओं के साथ सेक्टर 82 स्थित ब्रम्हचारी कुटी में महामृत्युंजय यज्ञ किया। पंडित महेश पाठक शास्त्री एवं पंडित मनोहर शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुतियां देकर नेता जी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना ईश्वर से की। इस अवसर पर सपा के निवर्तमान महासचिव राघवेंद्र दुबे ने कहा कि आदरणीय नेता जी हम सभी कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक एवं प्रेरणा श्रोत हैं। आशा के केंद्र हैं नेता जी उनका सानिध्य कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार कर देता है। हम लोग नेता जी के संघर्ष से प्रभावित होकर राजनीति में आए थे।नेता जी के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना ईश्वर से करते हैं। इस अवसर पर व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज गोयल, सपा उपाध्यक्ष बबलू चौहान, पंडित चंद्रकांत दुबे, शिववृत तिवारी, अशोक कुमार, अनमोल झा, ओम कुशवाहा सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 10 अक्टूबर को तहसील सदर सभागार में तालाबों का मत्स्य पालन के लिए पट्टा शिविर का होगा आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार ने सर्वसाधारण का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि तहसील सदर के 21 ग्रामों के तालाबों का मत्स्य पालन के लिए दिनांक 08.08.2022 को आयोजित पट्टा शिविर अपरिहार्य कारणों से सम्पन्न नहीं हो सका था। उन्होंने बताया कि उक्त तालाबों का मत्स्य पालन के लिए पट्टा शिविर दिनांक 10.10.2022 को तहसील सदर के सभागार में तहसीलदार सदर की अध्यक्षता में सम्पन्न किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्ति उक्त शिविर में प्रतिभाग कर मत्स्य पालन पट्टा के लिए अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत करें।

# 10 से 18 अक्टूबर तक दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जनपद में लगाए जाएंगे शिविर

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के क्रम में एवं जिलाधिकारी सुहास एलवाई के नेतृत्व में जनपद के दिव्यांगजनों को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित लाभार्थी परक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जनपद में 10 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2022 तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों का आह्वान करते हुए उन्हें जानकारी दी है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित लाभार्थी परक योजनाओं जैसे निशुल्क कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, कुष्ठावस्था पेंशन योजना, दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, दिव्यांग शल्य चिकित्सा योजना आदि योजनाओं के लिए लाभाथिर्यों का चिन्हांकन करने एवं समस्त दिव्यांगजनों के यू0डी0आई0डी0 पंजीकरण तथा दिव्यांग पेंशन प्राप्त कर रहे दिव्यांगजनों के आधार ऑथेंटिकेशन किए जाने के उद्देश्य से आगामी 10 अक्टूबर को प्राथमिक विद्यालय बिसेहडा ब्लॉक बिसरख, 12 अक्टूबर को ब्लॉक जेवर, 14 अक्टूबर को प्राथमिक विद्यालय कलौंदा ब्लॉक दादरी, 17 अक्टूबर को प्राथमिक विद्यालय बादलपुर ब्लॉक बिसरख तथा 18 अक्टूबर 2022 को प्राथमिक विद्यालय चिटहैरा ब्लॉक दादरी में सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। अतः इच्छुक पात्र दिव्यांगजन उक्त योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अपने साथ दो फोटो, अपना आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र (ग्रामीण क्षेत्र के लिए 46080 एवं शहरी क्षेत्र के लिए 56460) गरीबी रेखा के नीचे की हो(आय प्रमाण पत्र माननीय सांसद, विधायक, महापौर, पार्षद, नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी अथवा ग्राम प्रधान का मान्य होगा) तथा दिव्यांग का प्रमाण पत्र लेकर आयोजित होने वाले शिविर में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठा सकते हैं। जिलाधिकारी ने आयोजित होने वाले शिविर को सफल बनाने के उद्देश्य से खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आयोजित होने वाले शिविर में अधिक से अधिक दिव्यांगजनों के चिन्हांकन हो सके, इसके लिए उनके द्वारा अपने स्तर से व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए शिविर की जानकारी दिव्यांगजनों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें ताकि प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांग जनों के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पात्र दिव्यांग जनों तक पहुंच सके।

# जो बाइडन ने मारिजुआना रखने के हजारों दोषियों को किया माफ

**वाशिंगटन।**अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने देश की मारिजुआना को लेकर नीति पर बड़ा बदलाव किया है। उन्होंने ड्रग रखने के आरोप में फेडरल कानून के तहत दोषी हजारों लोगों की सजा को माफ कर दिया है। हालांकि, इस घोषणा में एक अहम बात यह है कि ये आदेश सिर्फ उन लोगों पर लागू होता है जिनके पास से साधारण मारिजुआना हासिल किया गया था। जो बाइडन ने अपने एक बयान में कहा है कि वो उन सभी लोगों को दोष मुक्त करार देते हैं, जिनके पास से साधारण मारिजुआना मिलने के बाद मामले दर्ज किए गए थे। उन्होंने कहा कि वो अटॉर्नी जनरल को इस दायरे में आने वाले सभी लोगों को माफी के प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश देते हैं। मारिजुआना संघीय



कानून के तहत अवैध है, भले ही राज्य मनोरंजन और चिकित्सा उद्देश्यों के लिए कानूनी उपयोग की ओर बढ़े हैं। एक उम्मीदवार के रूप में, बाइडन ने मारिजुआना के गैर-अपराधीकरण का समर्थन करना बंद कर दिया है, लेकिन उन्होंने विमुद्रीकरण की ओर बढ़ने का समर्थन किया। उन्होंने बयान में कहा, मारिजुआना के प्रति हमारे असफल दृष्टिकोण के कारण बहुत से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यह समय है कि हम इन गलतियों को सुधारें। मारिजुआना एक अनुसूची दवा है, जिसका अर्थ है कि यह उसी श्रेणी में है जैसे हेरोइन और एलएसडी जैसी दवाएं। द हिल के मुताबिक, संघीय सरकार के कानून में इसके दुरुपयोग की उच्च संभावना है और कोई स्वीकृत चिकित्सा मूल्य नहीं है।

# रामलीला महोत्सव के बेहतर समापन पर सहयोग करने वालों को दी बधाई

**आयोजन समिति सभी सहयोग करने वालों का आभारी रहेगी- विपिन अग्रवाल**

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** श्री रामलीला महोत्सव 2022 के श्री राम लखन रामलीला समिति द्वारा रामलीला का सफल आयोजन कराने वाले समिति के सभी सदस्य, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन ,मीडिया एवं क्षेत्र के नागरिकों का आभार प्रकट करते हुए समिति के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने सभी को बधाई दी और उनके कार्य की सराहना की। विपिन अग्रवाल ने कहा कि रामलीला के कार्य में लगभग पूरी टीम 2 महीने तक लगी रही।शुरुआत में कुछ अड़चनें भी आई लेकिन साथियों के साथ मिलकर उन्हें दूर किया गया और इंद्रदेव ने भी शुरुआत की बरसात में रामलीला मैं थोड़ी विघन डाली। इसके बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने सभी की लाज बचाई। उन्होंने कहा कि दशहरा महोत्सव वाले दिन भी हुई वर्षा से साथियों के दिल में जरूर चहल-पहल रही। लेकिन इंद्रदेव ने उस दिन भी रामलीला का सफल आयोजन कराया। उन्होंने कहा कि दमकल विभाग, एलआइन्यू,



यातायात विभाग, पुलिस विभाग ,मीडिया कर्मी आदि का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा का पूरा ध्यान एसीपी रजनीश वर्मा द्वारा और थाना प्रभारी राजीव बालियान तथा चौकी इंचार्ज सोनवीर द्वारा बखूबी से निभाया गया।इसके लिए वे उन्हें धन्यवाद देते हैं। साथ ही वे मनोज अग्रवाल चेयरमैन प्रियागोल्ड, वाइस चेयरमैन कुमारी पूनम सिंह, राजेंद्र जैन , पंडित कृष्णा स्वामी, संजय गोयल एवं मुख्य संरक्षक आलोक कुमार गुप्ता, रामवीर यादव विकास बंसल , अनुज गुप्ता मनीष अग्रवाल, सुभाष चंद शर्मा , संदीप अग्रवाल बलराज गोयल, अशोक गोयल, गिरजा अग्रवाल तथा आरडब्लूए सेक्टर 46 के अध्यक्ष वीके राणा और उनकी पूरी टीम आदि का आभार प्रकट करते हैं।विपिन अग्रवाल ने कहा कि वह कार्यक्रम में पहुंचे सभी मुख्य अतिथियों एवं अति विशिष्ट अतिथियों आदि का भी आभार प्रकट करते हैं। साथ ही रामलीला का सफल आयोजन करने वाली अनिल गर्ग ,संदीप चोपड़ा, पुरुषोत्तम वशिष्ट ,नरेंद्र कुमार , टीम का भी आभार प्रकट किया।

# नोएडा मीडिया क्लब 51000 हजार की राशि जीतकर ट्रस्ट मे की दान

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।**मीडिया क्लब और नोएडा इलेवन के बीच खेले गए चैरिटी मैच फॉर एसिड अटैक सर्वाइवर की विनर ट्राफी पहुंची नोएडा मीडिया क्लब, यह चैरिटी मैच 02 अक्टूबर को खेला गया था , जिसमे नोएडा मीडिया क्लब की टीम ने नोएडा इलेवन को बेहतरीन मुकाबले मे हरा कर नोएडा मीडिया क्लब की टीम ने ट्रॉफी को जीता था , इस चैरिटी मैच से आए 51000 रुपए एसिड अटैक सर्वाइवर को सहायता राशि के रूप में डोनेट किये गए थे इस जीत के द्वारा किये गए जनहित के कार्य के लिए दोनों टीमों और अन्य सहयोगियों को बहुत बहुत बधाई।



# नम आखों से हुई माँ की विदाई

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 82 के पाकेट 7 के मेन गेट पर लगे 19 वा दुर्गा पूजा पंडाल मे आज शाम ढोल नगाड़े के साथ भक्तों ने नम आखों से माँ



की विदाई की इस दुर्गा पूजा पंडाल मे भक्त गणो ने सुबह से ही मां की पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का ताता लगा रहा। दोपहर से सिन्दूर खेलना शुरू हो गया था। शाम 4 बजे माँ को पंडाल से विसर्जन के लिए ले जाया गया। माँ की मूर्ति को सोसायटी के चारों ओर दर्शन के लिए घुमाया गया। और नाच गानो के साथ माँ की विदाई हुई।बहुत से भक्तों की आखे नम दिखाई दी। आचार्यो द्वारा वैदिक मंत्तोच्चार के साथ माँ की विदाई की गयी।इस विदाई मे सोसायटी तथा आस पास की सोसायटी के लोग सम्मिलित हुए। यह विगत कयी बर्षों से दुर्गा पूजा मनाई जाती है। इस पूजा के विसर्जन मे सम्मिलित होने वालों में तिमिर बरोन,सुशाशीष देव, एन के सोलंकी, प्रदीप कुमार,संजय पाण्डेय, सरोज गांगुली, अनिमेष मंडल, सुब्रोस प्रधान, प्रकाश सिन्हा, अमितेश सिंह, हरि शंकर सिंह, सर्वेश तिवारी, रमेश चंद्र दास, राजेश कुमार गुप्ता ,मजूमदार, सिया राम, अंगद सिंह तोमर, हंस मणि शुक्ल, घनश्याम जोशी, गुरमेल सिंह, रतन भारद्वाज, वी सी पाण्डेय, सचिन राय,देवाशीष कुड्डु आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जनरल बाजवा के बाद कौन बनेगा पाकिस्तान का नया सेना प्रमुख

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान की सेना के नए आर्मी चीफ को लेकर देश में चल रही राजनीति पर अब सरकार विराम लगाने की कोशिश



कर रही है। यही वजह है कि देश के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि इसका प्रॉसेस एक माह के अंदर शुरू कर लिया जाएगा। देश के नए आर्मी चीफ के मुद्दे पर पीटीआई प्रमुख और पूर्व पीएम इमरान खान काफी समय से राजनीतिक कर रहे हैं। उनका आरोप है कि सरकार अपनी पसंद का आर्मी चीफ बनाना चाहती है, जिससे वो अपने भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल सके। अब ख्वाजा आसिफ ने इमरान खान द्वारा आर्मी चीफ के मुद्दे पर दागे कई सवालों का एक जवाब देकर इसको ठंडे बस्ते में डालने की कोशिश की है।पत्रकारों से वार्ता के दौरान ख्वाजा आसिफ ने कहा कि संविधान के मुताबिक ही देश का नया आर्मी चीफ नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस माह के अंत में या फिर नवंबर की शुरुआत में इसको पूरा कर लिया जाएगा। आपको बता दें कि मौजूदा आर्मी चीफ जनरल कमर जावेद बाजवा एक्सटेंशन पर चल रहे हैं। उनका ये कार्यकाल 29 नवंबर को समाप्त हो जाएगा। उन्हें फिर से एक्सटेंशन दिए जाने की अटकलों का खुद जनरल बाजवा ने ही खंडन कर दिया है। अमेरिका में मौजूद जनरल बाजवा ने साफ कर दिया है।

# नोएडा सेक्टर- 10, मजदूर बस्ती पर किया भंडारे का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** सीपीआईएम झुग्गी बस्ती सेक्टर- 10, नोएडा ब्रांच सचिव कामरेड हरकिशन सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता श्री गणपत सिंह, सुधीर कुमार, रामदेव, जितेंद्र सिंह, श्रवण कुमार आदि ने झुग्गी/ मजदूर बस्ती सेक्टर- 10, नोएडा के झुग्गी वासियों के सहयोग से सेक्टर- 10, नोएडा पर भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा। ने बताया कि हमारे साथियों व उनके सहयोगियों ने मिलकर 6 अक्टूबर 2022 को सेक्टर 10 नोएडा पर भंडारे का आयोजन किया भंडारे में कई सौ गरीब मजदूरों व जरूरतमंदों ने भोजन किया साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे साथी आगे भी इसी तरह सेवा परोपकार का कार्य करते रहेंगे।



# श्रीराम राज्याभिषेक के साथ हुआ रामलीला मंचन का समापन

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** श्रीराम मित्र मण्डल नोएडा रामलीला समिति द्वारा रामलीला मैदान, सेक्टर-62 में आयोजित रामलीला मंचन के ग्यारवें व अंतिम दिन रामलीला मंचन का शुभारम्भ समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग,अध्यक्ष धर्मपाल गोयल महासचिव मुनन कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग सहित समिति पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।श्रीराम मित्र मंडल रामलीला समिति के महासचिव मुनन कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों व उपस्थितजनों का स्वागत किया।उन्होंने रामलीला मंचन के सफल आयोजन के लिए नोएडा प्राधिकरण, जल विभाग, उद्यान विभाग, अगिन्श्मन विभाग, विधुत विभाग, पुलिस विभाग एवं स्थानीय मीडिया बंधुओं सहित सभी प्रसाशनिक विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को समिति की ओर से धन्यवाद दिया। रावण वध के पश्चात चौदह वर्षो का वनवास पूरा करने के बाद भगवान राम, लक्ष्मण व मां सीता का अयोध्या नगरी में आगमन हुआ तो अवधवासियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। हर कोई दर्शन करने के लिए आतुर था। भाई भरत व शत्रुघन रथ लेकर आगे बढ़े। रथ के पीछे अवधवासी भी जयश्रीराम के जयकारे लगाते चल पड़े। भगवान राम, लक्ष्मण व भरत शत्रुघन गले मिले तो उनकी आंखों से खुशी के आंसू छलक उठे। पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। राज दरबार में भगवान राम के राज्याभिषेक के समय कई देशों के राजा महाराजा आए हुए थे। शुभ मुहूर्त में मंगलाचरण और गीत संगीत के साथ राम राज्याभिषेक होते ही अयोध्या नगरी खुशी से झूम उठी। डांडिया नृत्य कार्यक्रम संगीता गोयल, सोनिया गोयल, ज्योति गोयल, सुपरिना अग्रवाल,मनीषा गोयल एवं युक्ति गर्ग के संयोजन में किया गया।कार्यक्रम में देर रात तक रामलीला समिति के कार्यकर्ताओं सहित बच्चों महिलाओं और बुजुर्गों ने डांडिया नृत्य किया। छोटे बच्चे कार्यक्रम के दौरान नृत्य करते रहे। कार्यक्रम में दौरान वरिष्ठ नागरिकों ने प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। एक बड़े घेरे में महिलाओं ने सामूहिक नृत्य किया, तो वहीं महिलाओं और बच्चों के अलग-अलग ग्रुप जगह-जगह नृत्य करते दिखे। इस अवसर पर सह-कोषाध्यक्ष अनिल गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार गर्ग, सतनारायण गोयल, मुकेश अग्रवाल, बजरंगलाल गुप्ता , चौधरी रविन्द्र सिंह, तरुणराज, एस एम गुप्ता, पवन गोयल, आत्माराम अग्रवाल, मुकेश गोयल, शांतनु मित्तल, मनीष गुप्ता, चन्द्रप्रकाश गौड़, गौरव मेहरोत्रा, मनीष गोयल, आर के उप्रेती, राजकुमार बंसल, अर्जुन अरोड़ा, गौरव गोयल, रोहताश गोयल सहित श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के सदस्यगण व शहर के सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अमित शाह ने हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए सरकारी सहायता का आश्वासन दिया

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।**गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार से उनके निवास पर जफ़र इस्लाम राष्ट्रीय प्रवक्ता बीजेपी के नेतृत्व मै राकेश कुमार महानिदेशक- ईपीसीएच, अवधेश अग्रवाल, महासचिव, मुरादाबाद हांडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन, प्रेसिडेंट दिल्ली फेयर



ओटम 22 ने भेंट क़ी अवधेश अग्रवाल द्वारा अमित शाह जी क़ो वर्तमान मे निर्यात मे आ रही समस्याओ व चुनौतियों से अवगत कराया व उनसे इंट्रेस्ट एक्वालिसशन स्कीम के अंतर्गत 5 सब्सिडी दिलवाने मे हस्तशेप क़ी प्रार्थना क़ी, व माननीय गृहमंत्री क़ो बताया क़ी अभी हाल मे ही पीयूष गोयल कोमर्स मंत्री मिल कर उनको इस क़ो कराने का अनुरोध किया था,जिस पर गृहमंत्री जी द्वारा शीघ्र ही वित्तमंत्री जी बात कर इसको शीघ्र कराने का अस्वासन दिया, एवं माननीय गृहमंत्री जी ने आर्टिजनस के विषय मे भी जानकारी ली गृहमंत्री जी ने कहा क़ी निर्यात क़ो बड़ाने के लिए एवं हस्तशिल्प आर्टिजनस के विकास के वह हर संभव सहयोग के लिए सदैव तैयार हैं। राकेश कुमार जी व श्री अवधेश अग्रवाल जी द्वारा 14-18 अक्टूबर तक होने वाली आई एच जी एफ के लिए माननीय गृहमंत्री जी क़ो निमंत्रण पत्र दिया एवं बुके देकर उनका स्वागत किया, माननीय गृहमंत्री जी द्वारा फेयर के उज्वल भविष्य क़ी कामना प्रकट क़ी गयी ईपीसीएच एक नोडल एजेंसी होने के नाते, देश से दुनिया के विभिन्न गंतव्यों में हस्तशिल्प के निर्यात को बढ़ावा देता है और उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प वस्तुओं और सेवाओं के विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में विदेशों में भारत की छवि पेश करता है। वर्ष 2021-22 के दौरान हस्तशिल्प निर्यात रु. 33253.00 करोड़ (यूएस 4459.76 मिलियन) पिछले वर्ष की तुलना में रुपये के संदर्भ में 29.49 और डॉलर के संदर्भ में 28.90 की हुई।

# अमेरिका में 20 वर्षीय भारतीय मूल के छात्र की हत्या


**वाशिंगटन।** अमेरिका के इंडियाना राज्य में 20 वर्षीय एक भारतीय मूल के छात्र की हत्या कर दी गई। इंडियाना राज्य के पड्र्यू विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले 20 वर्षीय भारतीय मूल के छात्र वरुण मनीष छेड़ा की छात्रावास में हत्या कर दी गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उनके कोरियाई रूममेट को हिरासत में ले लिया गया है। हत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि वरुण मनीष छेड़ा परिसर के पश्चिमी किनारे पर मैककचियन हॉल में मृत पाए गए। एक अन्य विश्वविद्यालय के छात्र को बुधवार को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका है। एनबीसी न्यूज ने स्कूल के पुलिस प्रमुख के हवाले से ये जानकारी दी है। पड्र्यू विश्वविद्यालय के पुलिस प्रमुख लेस्ली विएते ने बुधवार सुबह एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि कोरिया के एक जूनियर साइबर सुरक्षा प्रमुख और अंतरराष्ट्रीय छात्र जी मिन जिमी शा ने पुलिस को मौत के बारे



में जानकारी देने के लिए बुधवार को लगभग 12:45 बजे 911 नंबर पर कॉल किया था। हालांकि, अभी कॉल के विवरण का खुलासा नहीं किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना मैककचियन हॉल की पहली मंजिल के एक कमरे में हुई है। कई लोगों ने बुधवार को उसकी चीखों की आवाजे सुनीं थी। बता दें कि छेड़ा यूनिवर्सिटी में डेटा साइंस की पढ़ाई कर रहा था। प्रांरम्भिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार छेड़ा की कई तेज दर्दनाक चोटों से मृत्यु हो गई और मृत्यु का तरीका हत्या था।वरुण के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए विश्वविद्यालय के कई छात्र एकत्र हुए। छेड़ा के बचपन के दोस्त अरुणाभ सिन्हा ने एनबीसी न्यूज को बताया कि छेड़ा मंगलवार की रात ऑनलाइन गेम खेल रहा था और दोस्तों के साथ बात कर रहा था। अचानक उन्होंने कमरे से चिल्लाने की आवाजें सुनी थीं। पुलिश अधिकारी विएते ने कहा कि 22 वर्षीय शा को 911 कॉल के कुछ मिनट बाद हिरासत में ले लिया गया और आगे की जांच के लिए पुलिस स्टेशन ले जाया गया।

# 79 साल की उम्र में अरुण बाली का निधन, शाह रुख से लेकर सुशांत संग फिल्मों में आ चुके हैं नजर

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** फिल्मों से लेकर टेलीविजन तक में अपने शानदार अभिनय से सबका दिल जीत चुके एक्टर अरुण बाली का निधन हो गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो अरुण बाली लम्बे समय से बीमारी से जूझ रहे थे, जिसके बाद उन्होंने 79 साल की उम्र में मुंबई में आखिरी सांस ली। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उनकी तबीयत खराब होने के चलते मुंबई के हीरानंदानी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां उनका इलाज चल रहा था। अरुण बाली ने अपने करियर में शाह रुख खान से लेकर अक्षय कुमार और सुशांत सिंह राजपूत जैसे सितारों के साथ काम किया है। वह खुद भी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का एक बहुत बड़ा और जाना-माना नाम थे। एएनआई के अनुसार एक्टर अरुण बाली का निधन 7 अक्टूबर को मुंबई में हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अभिनेता पिछले कुछ समय से मायस्थेनिया ग्रेविस नामक दुर्लभ बीमारी से जूझ रहे थे और उनका इसका इलाज चल रहा था। रिपोर्ट्स की मानें तो एक्टर की बेटी ने सिने एंड टीवी आर्टिस्टेस एसोसिएशन की मेंबर नुपुर अलंकार के साथ पिता को मायस्थेनिया ग्रेविस बीमारी होने की जानकारी शेयर की थी। जिसके बाद नुपुर ने अरुण बाली को तुरंत ही इलाज की सलाह दी थी। नुपुर ने अपने एक इंटरव्यू के दौरान एक्टर की बीमारी के बारे में बताते हुए कहा था कि, 'जब मेरी अरुण जी से बात हुई थी, तो वह बिलकुल भी साफ बात नहीं कर पा रहे थे। उनकी बेटी इतिश्री ने मुझे उनकी तबीयत के बारे में बताया था। मैं उम्मीद करती हूं वह जल्द से जल्द ठीक हो जाए'। आपको बता दें कि मायस्थेनिया ग्रेविस एक ऑटोइम्यून बीमारी है, जोकि नर्व्स और मसल्स के बीच कम्युनिकेशन फेलियर की वजह से होती है। अरुण बाली शाह रुख खान से लेकर अक्षय कुमार और सुशांत सिंह राजपूत सहित कई बड़े एक्टर्स के साथ काम कर चुके है। उन्होंने इंडस्ट्री में टीवी शो 'दूसरा केवल' के साथ इंडस्ट्री में 1989 में कदम रखा था, इसके बाद उन्होंने 1990 में फिर वही तालाश शो में काम किया। 1991 में सौगंध से अरुण बाली ने फिल्मों में एंट्री ली। इस फिल्म के बाद वह यलगार, राजू बन गया जेंटलमेन, हीर-रांझा, केदारनाथ, बागी, पानीपथ जैसी फिल्मों में नजर आए थे। उनकी आखिरी फिल्म आमिर खान के साथ फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' थी।



# मजा कम और टेंशन ज्यादा लगी 'मजा मा', माधुरी दीक्षित की एक्टिंग भी नहीं बचा पाई फिल्म

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मुंबई।** डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए भी फिल्में बनाई जा रही हैं। आनंद तिवारी निर्देशित फिल्म मजा मा उन्हीं फिल्मों में से एक हैं। फिल्म की कहानी शुरू होती है अमेरिका में नौकरी करने वाले तेजस पटेल (ऋत्विक भौमिक) से, जो अपनी गर्लफ्रेंड ऐशा (बरखा सिंह) के माता-पिता से मिलने की तैयारी कर रहा है। ऐशा के माता-पिता अमेरिका के अमीर और नामचीन लोगों में से हैं। गुजरात से तेजस की मां पल्लवी (माधुरी दीक्षित) उसे फोन करती है और इस शुभ काम पर जाने से पहले वीडियो कॉल के जरिए दही खिलाने की रस्म पूरी करती है। ऐशा की मां पैम (शीबा चड्ढा) और पिता बॉब (रजित कपूर) तेजस का लाई डिटेक्टर टेस्ट (झूठ पकड़ने के लिए किया जाने वाला टेस्ट) करवाते हैं, ताकि यह पता कर सके कि वह उनकी बेटी से सच्चा प्यार करता है या पैसे और अमेरिका के ग्रीन कार्ड के लिए प्यार का नाटक कर रहा है। तेजस टेस्ट में पास हो जाता है। अब ऐशा का परिवार तेजस के परिवार से मिलने गुजरात आता है। तेजस के पिता मनोहर (गजराज राव) अपनी सोसाइटी का चेयरमैन है, तो वहीं पल्लवी सोसाइटी में बहुत प्रसिद्ध है। तेजस की शादीशुदा बहन अपने ससुराल से दूर समलैंगिकों के जीवन पर पीएचडी करने के लिए मायके में रह रही है। वह एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समुदाय के लोगों के हक के लिए आवाज भी उठाती है। एक दिन पल्लवी का एक वीडियो सामने आता है, जिसमें वह अपनी बेटी से गुस्से में कहते हुए दिखाई देती है कि वह समलैंगिक है। उसके बाद क्या होता है। क्या एक संस्कारी भारतीय परिवार ढूंढ रहा बॉब अपनी बेटी की शादी तेजस से कराएगा इससे पहले समलैंगिकता के मुद्दे पर कई फिल्में बन चुकी हैं और निराश भी कर चुकी है। उसी निराशा की एक और कड़ी है फिल्म मजा मा। वेब सीरीज बंदिश बैंडिट्स के बाद निर्देशक आनंद तिवारी से एक अच्छी फिल्म की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन वह इस गंभीर मुद्दे को सतही तौर पर ही दिखाकर निराश करते हैं। लेखक सुमित बथेजा ने भी इस वर्जित मुद्दे को केंद्र में रखकर नई कहानी गढ़ने की कोशिश नहीं की। फिल्म की कहानी नारीवाद और समलैंगिकता के मुद्दे के बीच झूलती रहती है। फिल्म आज के दौर में सेट है, ऐसे में अमेरिका में रह रहे भारतीय मूल के दपंति का यह कहना कि पीरियड्स के दौरान महिलाएं अशुद्ध होती हैं, इसलिए वह उनके हाथ की चाय नहीं पीयेंगे, निराश करता है। यह पता चलने पर की मां समलैंगिक है, अमेरिका से पढ़ाई करके लौटे बेटे का अपनी मां को झाड़-फूंक वाले बाबा के पास लेकर जाना बचकाना लगता है। रजित, शीबा और बरखा का अमेरिकी अंदाज में अंग्रेजी बोलना हास्यास्पद लगता है। तारा समलैंगिक समुदाय के लिए इतनी फिक्रमंद क्यों है, उसके पीछे की वजहें साफ नहीं है। पल्लवी की प्रेमिका कंचन की भूमिका में सिमोन सिंह अचानक कहानी में आ तो जाती हैं, लेकिन पल्लवी से ज्यादा उनका ध्यान पल्लवी के पति मनोहर पर होता है।




# पीकू वाला जादू बिखेर पाएगी अमिताभ-रश्मिका की गुडबाय पहले दिन कमाएगी इतने करोड़

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया क्रश रश्मिका मंदाना फिल्म पुष्पा द राइज से धमाका करने के बाद अब बॉलीवुड में भी डेब्यू करने जा रही हैं। गुडबाय से रश्मिका हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में एंट्री करेंगी। इस फिल्म की खास बात यह है कि रश्मिका के अलावा गुडबाय में अमिताभ बच्चन भी हैं। फिल्म की कहानी एक फैमिली ड्रामा है, जो आज की मॉडर्न पीढ़ी को टारगेट करती है। गुडबाय 7 अक्टूबर को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। अब देखने वाली बात होगी कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फिल्म क्या कमाल करती है। बॉक्स ऑफिस पर पहले से ही विक्रम वेधा और पोनिनियन सेल्वन का कब्जा है और बुधवार को चिरंजीवी व सलमान खान स्टारर गॉडफादर भी रिलीज हो गई है। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर कड़ा मुकाबला चल रहा है और इनसे गुडबाय भी भिड़ने वाली है। फिल्म में अमिताभ बच्चन और रश्मिका मंदाना बाप-बेटी के किरदार में हैं और दोनों के प्यार व नोकझोंक भरे रिश्ते के इर्द-गिर्द फिल्म घूमती है। इसी तरह की कहानी के साथ इससे पहले फिल्म पीकू रिलीज हुई थी, जिसमें अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण थे।



# 'हनुमान' बने देवदत्त गजानन की ट्रोलिंग के बीच भी हो रही तारीफ

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** प्रभास की फिल्म आदिपुरुष पीतल लॉन्च होने के बाद से ही विवादों से ही विवादों के घेरे में है। राम बने प्रभास और रावण बने सैफ अली खान के लुक पर फैंस नाराजगी जता रहे हैं। इतना काफी नहीं था कि इस बीच हनुमान का लुक भी ट्रोल्स के निशाने पर आ गया है। वैसे ट्रोलिंग के बीच ही हनुमान बने एक्टर के बारे में जानने के लिए लोगों में उत्सुकता बन गई है। ऐसे में हम आपको बताते हैं की हनुमान बने देवदत्त गजानन कौन हैं। ओम राउत के निर्देशन में बनी आदिपुरुष में देवदत्त गजानन अहम किरदार निभा रहे हैं। हिंदी सिनेमा में भले ही देवदत्त बड़ा नाम न हों पर फिल्मी दुनिया से इनका ताल्लुक पुराना है। आपने इन्हें कई टीवी शो में देखा होगा। देवदत्त खासतौर पर मराठी इंडस्ट्री में काम करते हैं। इन्हें वहां के कई मराठी शो और फिल्में की है। पॉपुलर टीवी सीरियल 'जय मल्हार' में देवदत्त में भगवान खंडोबा का रोल किया था, जिसे काफी सराहना मिली थी। इसके अलावा उन्हें वीर शिवाजी और बाजीराव मस्तानी में भी देखा गया था। हिंदी मूवी सत्यमेव जयते और वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई में भी देव दत्त ने छोटा सा रोल अदा किया था।हनुमान के किरदार में देवदत्त का लुक किसी को पसंद आ रहा है तो कोई उन्हें नापसंद कर रहा है। इस बीच एक चीज जो देवदत्त को लेकर बहुत ज्यादा पसंद की जा रही है, वह है उनकी फिटनेस। देवदत्त बहुत ज्यादा फिटनेस फ्रीक हैं। उनके लिए फिटनेस सबसे बढ़कर है। हनुमान का रोल उन्हें मिला इसका श्रेय काफी हद तक उनकी फिजीक को जाता है।



# करीना कपूर ने अपनी आगामी फिल्म से पहला लुक किया जारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** करीना कपूर ने अपनी आगामी फिल्म से जुड़ा पहला लुक शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा है, 'पहला दिन, फिल्म नंबर 67वां या 68वां, चलो दोस्तों यह करते हैं।' इसके अलावा उन्होंने इसे एकता कपूर, बालाजी मोशन पिक्चर्स, हंसल मेहता और मुकेश छाबड़ा को हैश टैग किया है। तस्वीरों में करीना कपूर एक बैग लेकर एक घर के बाहर खड़ी नजर आ रही हैं। वह गुस्से से कैमरे की ओर देख रही है। हाल ही में करीना कपूर ने अपने मेकअप रूम से एक बीटीएस वीडियो शेयर कर इस बारे में जानकारी दी थी। फोटो पर किए गए कमेंट को देखकर ऐसा लगता है कि करीना कपूर यह भूल गई है कि यह उनकी कौन सी फिल्म है। बहरहाल इस फिल्म का निर्माण एकता कपूर ने कर रही है। एकता कपूर ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, 'करीना कपूर के साथ दूसरा प्रोजेक्ट। आगे भी कई आएंगे। यह मेरे लिए खास है।' एकता कपूर के भाई तुषार कपूर ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा है, 'एक किलर थ्रिलर की तरह लग रहा है। एकता कपूर और करीना कपूर का यह साथ किया हुआ दूसरा प्रोजेक्ट है। इसके पहले दोनों वीरे दी वेडिंग में साथ काम कर चुके हैं। एकता कपूर ने एक वक्तव्य में कहा था, 'करीना कपूर बहुत ही डायनेमिक कंबीनेशन है। उनमें स्टार पॉवर और प्रतिभा दोनों है। हमने पिछली बार वीरे दी वेडिंग में काम किया था जो कि उनका द्वारा की गई बहुत ही अच्छी फिल्म थी।



# मनी हाईस्ट से प्रेरित होकर अल्ताफ शेख ने फिल्मी स्टाइल में की 34 करोड़ रुपये की बैंक डकैती

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** मनी हाईस्ट वेब सीरीज काफी पॉपुलर हुई थी। यह वेब सीरीज बैंक डकैती पर आधारित है। अब इससे प्रेरित होकर अल्ताफ शेख नाम के एक व्यक्ति ने 1 साल तक बैंक में डाका डालने की योजना बनाई। इसके बाद वह बैंक से 34 करोड़ निकालने में सफल भी रहा। हालांकि वह मात्र 6.4 करोड़ रुपये लेकर भागने में सफल हो पाया। बाकी के पैसे बरामद कर लिए गए हैं और अब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अल्ताफ शेख आईसीआईसी बैंक में इंटीग्रेटेड करेंसी मैनेजमेंट सेक्टर में वॉल्ट कस्टोडियन था। वह मुंबई के डोंबिवली इलाके में स्थित आईसीआईसीआई बैंक में काम करता था। उसने इस चोरी को अंजाम देने के लिए 365 दिन का समय लिया। वह इस बैंक में पिछले 9 वर्षों से काम करता था और सुरक्षा से जुड़ी सभी जानकारियां रखता था। इसके चलते उसे सभी कमजोर कड़ियां पता थी। चोरी के दिन उसने अलार्म डीएक्टिवेट कर दिया। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे से हार्ड डिस्क को भी निकाल दिया। इसके चलते उसे वॉल्ट खोलने में सफलता मिली और उसने 34 करोड़ उड़ा लिए। खास बात यह है कि शाम 6:30 बजे के बाद किसी को भी वॉल्ट के अंदर जाने की अनुमति नहीं थी। हालांकि 9 जुलाई को रात अल्ताफ न सिर्फ वर्ल्ड के अंदर गया बल्कि उसने 11:00 बजे रात से लेकर सुबह 1:00 बजे तक अलार्म को डीएक्टिवेट रखकर 34 करोड़ की चोरी की। बाद में पुलिस ने उसके दो साथियों को सीसीटीवी कैमरे में देख लिया और 5.8 करोड रुपये उनसे बरामद कर लिये। बैंक के मैनेजर ने जब अगले दिन सीसीटीवी फुटेज कैमरा को चेक किया, तब उसे हार्ड ड्राइव मिस होने की बात पता चली। उसने तुरंत सभी कैश को गिनने का निर्णय लिया, पता चला कि 34 करोड़ रुपए मिसिंग है तब पूरी बिल्डिंग छानी गई तो तारपोलिन के नीचे से 22 करोड़ बरामद हुए। इस बीच अल्ताफ को पता चल गया कि वह एक कैमरे में स्पॉट कर लिया गया है। वह सिगरेट पीने के बहाने बाहर गया और 6.4 करोड़ रुपए लेकर भाग गया। उसका फोन बंद था। हालांकि अब पुलिस ने उसे ढाई महीने बाद पकड़ लिया है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह इतने देर तक बैंक में कैसे रहा।




# जावेद अख्तर ने की मिशेल ओबामा से व्हाइट हाउस वापस जाने की अपील

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के गीतकार जावेद अख्तर ने गुरुवार को अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा से व्हाइट हाउस वापस जाने का रास्ता तलाशने की अपील की। उन्होंने मिशेल ओबामा के एक ट्वीट का जवाब में लिखा, 'मैडम कृपया मेरी बातों को गंभीरता से लें, व्हाइट हाउस में न केवल अमेरिका, बल्कि दुनिया को आपकी जरूरत है। आपको इस जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटना चाहिए'। जावेद अख्तर ने अपने ट्वीट में लिखा, 'डियर मिसेज मिशेल ओबामा, मैं कोई यंग, क्रेजी फैन नहीं हूं, बल्कि भारत का एक 77 वर्षीय लेखक / कवि हूं। उम्मीद है कि हर भारतीय मेरा नाम जानता होगा। मैडम कृपया मेरे शब्दों को गंभीरता से लें, न केवल अमेरिका बल्कि दुनिया को व्हाइट हाउस में आपकी जरूरत है। आपको इस जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटना चाहिए।'मिशेल ओबामा ने अपने 'द लाइट वी कैरी' दौरे की घोषणा करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया, जिसके दौरान वह अपनी पर्सनल स्टोरी शेयर करेंगी। इस दौरे में वाशिंगटन डीसी, फिलाडेल्फिया, अटलांटा, शिकागो, सैन फ्रांसिस्को और लॉस एंजिल्स शामिल होंगे। इस टूर को अलग-अलग राज्यों में एलेन डीजेनरेस, गेल किंग, एलिजाबेथ अलेक्जेंडर, कॉनन ओ'ब्रायन जैसे सेलिब्रिटी होस्ट करेंगे।मिशेल ओबामा जनवरी 2017 में अपने पति, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ ओवल ऑफिस में अपना दूसरा कार्यकाल खत्म होने के बाद व्हाइट हाउस से बाहर चली गईं। वह संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रथम महिला पद संभालने वाली पहली अफ्रीकी-अमेरिकी महिला हैं। जावेद अख्तर उन सेलिब्रिटिज में से एक हैं दो देश-विदेश के हर मुद्दे पर बेबाकी से अपनी राय रखते हैं। हाल ही में उन्होंने हिजाब विवाद पर अपनी राय रखकर देश में अलग मुद्दे को हवा दे दी थी।



# साजिद खान की वजह से हो रही 'बिग बॉस' के मेकर्स की थू-थू

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 ने दिवाली से पहले ही शो में फिल्म मेकर साजिद खान को लाकर बम फोड़ दिया है। यह धमाका इतना जबरदस्त है कि इसकी गूंज बॉलीवुड से लेकर सोशल मीडिया तक मची है। साजिद खान पर एक के बाद एक आरोप लगने शुरू हो गए हैं। कोई उन्हें सीरियल मोलेस्टर कह रहा है तो कोई कह रहा है कि इसे जल्दी से जल्दी शो से बाहर निकाल दें वर्ना देश में बिग बॉस का बायकॉट शुरू हो जाएगा। दरअसल, बिग बॉस 16 के प्रीमियर वाले दिन जब आखिरी कंटेस्टेंट के रूप में साजिद की एंट्री हुई थी तो लोगों ने कहना शुरू कर दिया कि इसे क्यों ले लिया। साजिद ने भी शो के होस्ट सलमान खान के आगे अपनी दुख भरी कहानी सुनाई थी कि उन्हें 4 सालों से कोई काम नहीं दे रहा है। पर उनकी यह दुर्दशा क्यों हुई इसका जिक्र नहीं किया, तो चलिए हम बताते हैं आपको। हुआ ये कि कुछ समय पहले जब देश में मीटू मूवमेंट चल रहा था तो करीब 9 लड़कियों ने सामने आकर साजिद पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। यह सिर्फ आरोप भर नहीं थे, एक्ट्रेस ने खुलकर बताया कि कैसे इंडस्ट्री में नई आने वाली लड़कियों को साजिद अपनी हवस का शिकार बनाने की कोशिश करते थे। बिग बॉस की एक्स कंटेस्टेंट और एक्ट्रेस मंदना करीमी ने तो साजिद को शो में लेने के फैसले के खिलाफ बॉलीवुड को अलविदा कह दिया।



# लेडीज टेलर मिर्जा इशाक 50 लाख के सवाल तक पहुंचे

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन के शो कौन बनेगा करोड़पति के हालिया एपिसोड में एक बेहद ही दिलचस्प कंटेस्टेंट ने शिरकत की। जिनसे मिल कर बिग बी भी काफी एक्साइटेड नजर आए। केबीसी 14 में मिर्जा इशाक बेग नाम के कंटेस्टेंट ने फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट जीतकर हॉट सीट पर अपनी दावेदारी ठोकी। शो में अच्छा गेम खेला, लेकिन 50 लाख के सवाल पर अटक गए और उनका करोड़पति का सपना पूरा न हो सका। कौन बनेगा करोड़पति सीजन 14 में अमिताभ बच्चन ने मिर्जा इशाक बेग का स्वागत करते हुए बताया कि वह पेशे से एक लेडीज टेलर हैं। इसके बाद अपने काम से थोड़ा और रुबरु करवाते हुए इशाक ने बताया कि वह जो काम करते हैं वह कोई आसान काम नहीं है। औरतों को कोई समझ नहीं सकता, लेकिन वह उनकी सुनते हैं, उन्हें समझता हैं और उनसे कमाई भी हैं। मिर्जा साहब की ये बातें सुन बिग भी आश्चर्यचकित हो गए हैं और बड़ी दिलचस्पी से उन्होंने पूछा कि जिन्हें कोई आदमी समझ नहीं पाया उनसे वह कैसे डील करते हैं। बिग बी को इस तरह हैरान-परेशान देखर शो में आए सभी दर्शकों की हंसी छूट गई। इस मस्ती मजाक के बाद दोनों खेल की ओर बढ़ गए। इशाक शो में लाइफलाइन इस्तेमाल करते हुए 25 लाख रुपये जीत गए। 25 लाख जीतने के बाद अमिताभ बच्चन केबीसी के 14वें सवाल की ओर बढ़ गए। उन्होंने जैसे ही इशाक की ओर 50 लाख का सवाल उछाला वह कुछ परेशान हो गए। उन्होंने लाइफ लाइन लेनी चाही, लेकिन उनकी सभी लाइफलाइन खत्म हो चुकी थी और उन्हें सवाल का सही जवाब भी पता नहीं था।



## दीपिका पादुकोण ने हॉलीवुड न लौटने की खाई कसम

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण न सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं। दीपिका आज जिस मुकाम पर हैं वहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने काफी मेहनत की है। दीपिका ने अपने करियर में में कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। दीपिका अपने हर रोल को इस तरह से निभाती हैं कि ऐसा लगता है कि ये किरदार बस उन्हीं के लिए बना था। दीपिका प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।